रविवार, 28 सितम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 33 |
| आर्द्रता | 76% |
| सूर्योदयः 5:27 | सूर्यास्तः 17:29 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आश्विन शुक्लपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**सुविचार :** मन की खामोशी वो जगह है जहां हर आवाज साफ सुनाई देती है।



छठवां नवरात्र : दुर्गा का छठा रूप है मां कात्यायनी पृष्ठ 2

# तमिलनाडु: करूर में विजय की रैली में मची भगदड़ में आठ बच्चों समेत 36 लोगों की मौत



### अमित शाह ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से बात कर रैली में भगदड़ पर रिपोर्ट मांगी

**चेन्नई/करूर :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि शनिवार को चेन्नई से लगभग 400 किलोमीटर दूर करूर में अभिनेता एवं राजनेता विजय की रैली में मची भगदड़ में आठ बच्चों समेत 36 लोगों की मौत हो गई। स्टालिन ने स्थिति की समीक्षा के लिए सचिवालय में राज्य के शीर्ष अधिकारियों की बैठक बुलाई और बताया कि मृतकों में 16 महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने इस घटना की जांच के लिए न्यायमूर्ति अरुणा जगदीशन के नेतृत्व में एक जांच आयोग के गठन की भी घोषणा की। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने तमिलनाडु सरकार से भगदड़ पर रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी करूर में भगदड़ के बाद की स्थिति की जानकारी लेने के लिए तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि और स्टालिन से बात कर हर संभव केंद्रीय मदद का आश्वासन दिया। अधिकारियों के अनुसार, भगदड़ शाम करीब साढ़े सात बजे उस समय मची जब विजय अपने समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। भारी संख्या में समर्थक दोपहर में ही इकट्ठा हो गए थे और टीवीके नेता व फिल्म कलाकार की एक झलक पाने के लिए घंटों से इंतजार कर रहे थे। विजय की पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने जब लोगों को बेहोश होते और गिरते देखकर शोर मचाया तब उन्होंने अपनी रैली रोक दी।बेहोश होने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। स्टालिन ने स्थिति को 'चिंताजनक' बताया। इस बीच, राज्य सरकार ने भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तमिलनाडु में मची भगदड़ में हुई लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना की। मुर्मू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, तमिलनाडु के करूर जिले में भगदड़ जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना में हुई दुखद मौत के बारे में जानकर दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने भगदड़ में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तमिलनाडु में तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय की रैली में भगदड़ जैसी स्थिति के दौरान कई लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं इस कठिन समय में उन्हें शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

# आज पाकिस्तान पर जीत ही भारत का एकमात्र लक्ष्य




**दुबई :** एशिया कप 2025 के महामुकाबले के लिए मंच तैयार है। आज भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप टी20 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। यह मैच दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से खेला जाएगा। 41 साल के एशिया कप के इतिहास में ये दोनों टीमें पहली बार फाइनल में आमने-सामने होंगी। ऐसे में मुकाबला दिलचस्प रहने की उम्मीद है। भारतीय टीम में इस मुकाबले के लिए दो बदलाव हो सकते हैं। वहीं, पाकिस्तान टीम बिना किसी बदलाव के मैदान पर उतर सकती है।

# कांग्रेस ने जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा, निम्न आय वर्ग वालों पर भी कर लगाया: मोदी



**झारसुगुड़ा (ओडिशा) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश के लोगों को लूटा और निम्न आय वर्ग के लोगों पर भी कर लगाया। मोदी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में 'नमो युवा समावेश' को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने अपनी नीतियों और हाल ही में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर को युक्तिसंगत बनाने के माध्यम से लोगों के लिए दोहरी बचत और दोहरी कमाई सुनिश्चित की है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा ने देश को कांग्रेस शासन के दौरान व्याप्त लूट की संस्कृति से बचाया। मोदी ने कहा, "कांग्रेस ने लोगों को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा। जब हमें सेवा का अवसर मिला, तो हमारी सरकार ने देश को पिछली सरकार के शोषण से सफलतापूर्वक मुक्त कराया। अब, दोहरी बचत और दोहरी कमाई का एक नया युग शुरू हो गया है। पहले लोगों को 2 लाख रुपये तक की आय पर भी कर देना पड़ता था। आज, 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले लोगों को कर से छूट दी गई है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि जीएसटी सुधार यह सुनिश्चित करेंगे कि लोग अधिक बचत कर सकें। मोदी ने कहा, "जीएसटी में सुधारों से ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है कि लोग काफी बचत कर सकते हैं। एक लाख रुपये खर्च करने पर 25,000 रुपये कर देने की बजाय, अब उनका कर अनुपात घटकर 5,000 रुपये रह जाएगा, जिससे उन्हें लगभग 20,000 रुपये की बचत होगी।" इस पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाईं। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने हाल ही में कर दरों को युक्तिसंगत बनाने और पांच व 18 प्रतिशत की दो दरें कायम रखने का निर्णय लिया था।

# एलएफएस ब्रोकिंग के खिलाफ ईडी का एक्शन, मनी लॉन्ड्रिंग केस में 155 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच

### निवेशकों को भारी रिटर्न का झांसा देकर 1,600 करोड़ की ठगी का मामला

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड और उससे संबंधित कंपनियों व लोगों की 155 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 212 अचल संपत्ति को अटैच किया है। अटैच की गई संपत्ति में बंगाल और अन्य राज्यों के कई जिलों में स्थित भूमि, अपार्टमेंट, होटल, रिसार्ट और फैक्ट्री प्लाट शामिल हैं। जांच के दौरान पता चला कि ये संपत्ति निवेशकों से 1,600 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी कर जुटाई गई रकम से खरीदी गई थीं। निवेशकों को भारी रिटर्न का झांसा देकर ठगा गया था। ईडी ने गत 24 सितंबर को पीएमएलए के तहत एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड और इस कंपनी से जुड़े सैयद जियाजुर रहमान और अन्य के खिलाफ चल रही जांच के सिलसिले में 212 अचल संपत्ति को अस्थाई रूप से अटैच किया है। जांच में पता चला कि सैयद जियाजुर रहमान, दिलीप कुमार माइती, मोहम्मद अनारुल इस्लाम और उनके सहयोगियों ने सेबी पंजीकरण प्रमाणपत्रों में हेरफेर करके अवैध निवेश योजनाएं चलाईं और निवेशकों से धन को इकट्ठा करने और उसका दुरुपयोग करने के लिए कई कंपनियों का नेटवर्क बनाया।आरोपितों ने शेयर ब्रोकिंग और अन्य निवेश गतिविधियों के लिए सेबी में पंजीकृत एम/एस एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर यह अवैध कारोबार चलाया। जान-बूझकर एम/एस एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड नाम वाली कई कंपनियां खोलीं। निवेशकों को यह विश्वास दिलाया गया कि वे सेबी में रजिस्टर्ड कंपनी में निवेश कर रहे हैं।

# सोनम वांगचुक के पाकिस्तान से संबंधों की जांच की जा रही: लद्दाख डीजीपी



**लेह :** लद्दाख के पुलिस महानिदेशक एस.डी. सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के विरोध-प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेजने वाले एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट की पिछले माह हुई गिरफ्तारी के संदर्भ में, पुलिस वांगचुक के पाकिस्तान से कथित संबंधों की जांच कर रही है। जामवाल ने सोनम वांगचुक को बुधवार को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया। इस हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। वांगचुक को शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लेकर राजस्थान के जोधपुर की एक जेल में भेज दिया गया। जामवाल ने संवाददाताओं को बताया, "जांच (वांगचुक के खिलाफ) में क्या पाया गया है, यह अभी सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। प्रक्रिया जारी है। अगर आप उनका यूट्यूब पर उपलब्ध प्रोफाइल और इतिहास देखें, तो उनके भाषण लोगों को उकसाने वाले प्रतीत होते हैं, क्योंकि उन्होंने अरब क्रांति और नेपाल, बांग्लादेश एवं श्रीलंका में हाल की अशांति का जिक्र किया था।" उन्होंने कहा, "उनका (वांगचुक का) अपना एक एजेंडा था। उनके खिलाफ विदेशी चंदा और विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन की जांच जारी है। एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट हमारी हिरासत में है, जो वांगचुक के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेज रहा था।"

# कोलकाता, बेंगलुरु और मुंबई में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई: बिल्डर-वित्तीय संस्थानों पर शिकंजा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी और ठगी के लिए बिल्डर और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों के खिलाफ छह मामले दर्ज करने के बाद शनिवार को कोलकाता, बेंगलुरु और मुंबई में 12 स्थानों पर छापेमारी की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर कोलकाता, बेंगलुरु और मुंबई में मकान खरीदारों को धोखा देने के लिए बिल्डर और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों की सांठगांठ की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि बिल्डर और डेवलपर द्वारा धोखा दिए जाने तथा वित्तीय संस्थानों द्वारा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई से व्यथित होकर घर खरीदारों ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। सीबीआई की एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि गृह ऋण की 'सब्सिडी योजना' शुरू करके घर खरीदारों को धोखा देने में बिल्डर और वित्तीय संस्थानों के बीच सांठगांठ को देखते हुए, अप्रैल 2025 में उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को सात प्रारंभिक जांच दर्ज करने का निर्देश दिया। सीबीआई ने पहले उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर सात प्रारंभिक जांच दर्ज की थीं। इससे पहले, सीबीआई ने छह प्रारंभिक जांचों के निष्कर्षों के आधार पर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के बिल्डर के खिलाफ 22 मामले दर्ज किए थे। उच्चतम न्यायालय में एक स्थिति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई थी।

# पाकिस्तान की सेना ने ही ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संघर्ष रोकने की अपील की थी: भारत



**संयुक्त राष्ट्र :** भारत ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की सेना ने ही संघर्ष रोकने की अपील की थी और नयी दिल्ली व इस्लामाबाद के बीच किसी भी मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भारत के जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने कहा, इस सभा में आज सुबह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का बेतुका बयान सुनने को मिला। शरीफ ने एक बार फिर आतंकवाद का महिमामंडन किया, जो उनकी विदेश नीति के केंद्र में है। गहलोत ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालिया संघर्ष को लेकर एक अजीब कहानी पेश की, जबकि भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 आम नागरिकों की मौत के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े समूह द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। भारत ने कहा, "नौ मई तक पाकिस्तान भारत पर और हमले करने की धमकी दे रहा था। लेकिन 10 मई को उसकी सेना ने सीधे हमसे संघर्ष रोकने की अपील की। इस बीच भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस नष्ट कर दिए थे। उस तबाही की तस्वीरें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में शुक्रवार सुबह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाषण के बाद पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। शरीफ ने अपने भाषण में दावा किया कि हालिया संघर्ष में उनका देश युद्ध जीत गया। उन्होंने संघर्ष रोकने को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता का परिणाम बताया और साथ ही कश्मीर मुद्दा भी उठाया। शरीफ ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए यह भी दावा किया कि मई में चार दिन तक चले संघर्ष के दौरान भारत के सात विमान क्षतिग्रस्त हुए थे। भारत ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अगर तबाह हुए रनवे और राख में बदल चुके हैंगर (हवाई जहाज रखने की जगह) पाकिस्तान को जीत लगते हैं, जैसा कि उसके प्रधानमंत्री ने दावा किया है, तो पाकिस्तान खुश हो सकता है। गहलोत ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं द्वारा बहावलपुर और मुरिदके में स्थित आतंकी ठिकानों में मारे गए आतंकवादियों की कई तस्वीरें सामने आई हैं।






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 28 सितम्बर, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन शुक्लपक्ष षष्ठी, 14:25 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 27:46 तक, योग : आयुष्मान, 24:29 तक, सूर्योदय: 5:27, सूर्यास्त: 17:29, चन्द्रोदय : 10:54, चन्द्रास्त: 21:32, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 15:54 से 17:23

## साप्ताहिक : राशिफल
## 28-09-25 से 04-10-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह पारिवारिक जीवन में सामंजस्य बना रहेगा। घर के बुजुर्गों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, रुका हुआ धन मिलने के योग हैं। नौकरी और व्यापार में प्रगति की संभावना है। सेहत को लेकर लापरवाही न बरतें, खासकर रक्तचाप और तनाव संबंधी समस्याओं से सावधान रहें। प्रेम जीवन में खुशियां आएंगी, पार्टनर का साथ आत्मविश्वास बढ़ाएगा। अविवाहित जातकों को विवाह प्रस्ताव मिल सकता है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी, मंदिर दर्शन या किसी अनुष्ठान में शामिल हो सकते हैं।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** परिवार में किसी शुभ समाचार की संभावना है। घर का वातावरण प्रसन्नचित्त रहेगा। आर्थिक रूप से यह सप्ताह लाभकारी साबित होगा। निवेश और संपत्ति से जुड़ा कोई बड़ा निर्णय आपके पक्ष में जाएगा। स्वास्थ्य की दृष्टि से पेट संबंधी समस्या परेशान कर सकती है, खानपान पर ध्यान दें। प्रेम जीवन में मधुरता आएगी, रिश्तों में गहराई बढ़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी। किसी सत्संग या पूजा-पाठ में भाग लेने का अवसर मिलेगा। सप्ताह आपके आत्मविश्वास और समर्पण को नई दिशा देगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** परिवार में छोटे-मोटे मतभेद हो सकते हैं, लेकिन आपकी समझदारी माहौल को संतुलित कर देगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, निवेश से लाभ मिलने के योग हैं। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं। सेहत का ध्यान रखें, त्वचा और मौसमजनित समस्या परेशान कर सकती है। प्रेम जीवन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, पार्टनर से बातचीत करते समय धैर्य रखें। विवाहित जातकों को संतान सुख की प्राप्ति हो सकती है। धर्म-कर्म में आपकी आस्था गहरी होगी।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। रिश्तेदारों से मुलाकात संभव है। आर्थिक दृष्टि से समय अनुकूल रहेगा, रुके हुए कार्य पूरे होंगे। नौकरी में सहयोगियों का साथ मिलेगा। व्यापार में लाभ की संभावना है। स्वास्थ्य की दृष्टि से पुराने रोग से राहत मिलेगी। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी, अविवाहित जातकों के लिए अच्छे प्रस्ताव आ सकते हैं। विवाह योग्य जातकों को परिवार का सहयोग मिलेगा। धर्म और कर्म की ओर झुकाव रहेगा, आप किसी धार्मिक आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** घर-परिवार में प्रेम और सामंजस्य का वातावरण रहेगा। किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में उत्साह बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, खर्च अधिक हो सकता है। निवेश सोच-समझकर करें। नौकरी में नए अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से कमर या हड्डियों की समस्या परेशान कर सकती है। प्रेम जीवन में गलतफहमियों से बचें, संवाद ही समाधान है। विवाहित जातकों को जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। आप दान-पुण्य या समाज सेवा में भाग ले सकते हैं।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** पारिवारिक जीवन में शांति रहेगी, घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, धन आगमन के नए स्रोत बन सकते हैं। नौकरी और व्यवसाय में प्रगति होगी, कोई नया प्रोजेक्ट आपके हाथ में आ सकता है। सेहत के लिए यह सप्ताह बेहतर रहेगा, लेकिन खानपान का ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में रोमांस और नज़दीकियाँ बढ़ेंगी। अविवाहित जातकों को अच्छा प्रस्ताव मिल सकता है। धर्म-कर्म में मन लगेगा, आप धार्मिक ग्रंथों के अध्ययन या साधना में समय व्यतीत करेंगे।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** परिवार में सदस्यों के बीच प्रेम और सहयोग बना रहेगा। घर में कोई शुभ कार्य हो सकता है। आर्थिक रूप से समय लाभकारी रहेगा, रुका हुआ धन मिलने के संकेत हैं। नौकरी में तरक्की के योग हैं, वरिष्ठों से सहयोग मिलेगा। व्यापार में निवेश सोच-समझकर करें। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन थकान से बचें। प्रेम जीवन में सुख मिलेगा, पार्टनर से रिश्ते मजबूत होंगे। विवाहित जातकों को परिवार का सहयोग मिलेगा। धर्म और अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा भी संभव है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** पारिवारिक जीवन में उतार-चढ़ाव रह सकते हैं। किसी छोटे सदस्य की चिंता बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, धन का आगमन होगा। नौकरी और व्यवसाय में नए अवसर मिलेंगे। सेहत पर ध्यान दें, खासकर मानसिक तनाव और नींद की समस्या से बचें। प्रेम जीवन में कुछ चुनौतियाँ रहेंगी, लेकिन धैर्य से रिश्ते संभल जाएंगे। विवाहित जातकों के लिए समय अनुकूल है। धर्म-कर्म में रुचि बनी रहेगी, आप किसी धार्मिक आयोजन में भाग ले सकते हैं। सप्ताह मिश्रित परिणाम लेकर आएगा।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** परिवार में खुशी और सामंजस्य का माहौल रहेगा। किसी पुराने मतभेद का समाधान होगा। आर्थिक दृष्टि से यह सप्ताह लाभकारी रहेगा, नौकरी में पदोन्नति संभव है। व्यापारियों को बड़े सौदे मिल सकते हैं। सेहत में सुधार होगा, पुरानी बीमारियों से राहत मिलेगी। प्रेम जीवन में मधुरता आएगी, साथी के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। विवाहित जातकों के लिए समय सुखद रहेगा। धर्म और कर्म की ओर आपकी आस्था बढ़ेगी। किसी यात्रा के दौरान धार्मिक स्थल पर जाने के योग बनेंगे।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** पारिवारिक जीवन में तालमेल बना रहेगा। घर में उत्सव या किसी समारोह का आयोजन हो सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, नौकरी में तरक्की के संकेत हैं। व्यापार में विस्तार के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन अधिक काम से थकान हो सकती है। प्रेम जीवन में रोमांस बढ़ेगा, साथी के साथ रिश्ता गहराएगा। विवाहित जातकों को जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। धर्म और अध्यात्म में मन लगेगा, किसी गुरु या साधु से मुलाकात हो सकती है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** परिवार में किसी कारण से तनाव हो सकता है, लेकिन आपकी समझदारी माहौल संभाल लेगी। आर्थिक दृष्टि से समय अच्छा रहेगा, रुके हुए कार्य पूरे होंगे। नौकरी में मेहनत का फल मिलेगा। व्यापार में लाभ के योग हैं। सेहत पर ध्यान दें, विशेषकर हड्डियों और रक्तचाप से जुड़ी समस्या परेशान कर सकती है। प्रेम जीवन में स्थिरता आएगी, साथी का सहयोग मिलेगा। विवाहित जातकों को परिवार का साथ मिलेगा। धर्म और कर्म में आस्था बनी रहेगी। आप किसी धार्मिक यात्रा या अनुष्ठान में शामिल हो सकते हैं।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। आर्थिक रूप से समय अनुकूल रहेगा, रुका हुआ धन मिलने की संभावना है। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापार में लाभ के अवसर बनेंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन लापरवाही से समस्या बढ़ सकती है। प्रेम जीवन में आनंद और सामंजस्य रहेगा। अविवाहित जातकों को अच्छे प्रस्ताव मिलेंगे। धर्म और अध्यात्म की ओर आपका झुकाव बढ़ेगा। आप किसी पूजा-पाठ या व्रत में शामिल हो सकते हैं। यह सप्ताह आपके लिए सकारात्मक और उत्साहवर्धक रहेगा।

# नवरात्र : दुर्गा का छठा रूप है मां कात्यायनी



डॉ घनश्याम बादल

आज शारदीय नवरात्र का छठा नवरात्र है।

मां दुर्गा की छठवीं शक्ति हैं मां कात्यायनी।

आज के दिन के दिन देवी कात्यायनी की पूजा करने का विधान है। चतुर्भुजी देवी कात्यायनी का रूप चमकीला और तेजोमयी है। दाईं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में रहता है। वहीं नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में है। मां कात्यायनी के बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार है जबकि नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित रहता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जो भी जातक देवी कात्यायनी की पूजा पूरी श्रद्धा से करता है, उसे परम पद की प्राप्ति होती है। मां कात्यायनी की पूजा से भक्तों को अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है और रोग, शोक, संताप, पाप और भय नष्ट हो जाते हैं।

**कौन है कात्यायनी :** कात्य गोत्र के प्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना की। कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए वह कात्यायनी कहलाईं। देवी कात्यायनी का गुण शोधकार्य है। इसीलिए आज के वैज्ञानिक युग में कात्यायनी का महत्व सर्वाधिक है। मान्यता है कि इनकी कृपा से सारे कार्य पूरे जो जाते हैं। वैद्यनाथ स्थान पर प्रकट होकर पूजी गईं मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं।

**मिथ :** भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी। यह पूजा कालिंदी यमुना के तट पर की गई थी। इसीलिए ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका वाहन सिंह है। भगवती योगमाया कात्यायनी मां देवियों में सर्वाधिक सुंदर है। ऐसी सौंदर्य स्वरूपा का नवरात्रि में दर्शन का विशेष महत्व है।

**कैसे करें पूजा :** सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त हो जाएं और फिर साफ- स्वच्छ वस्त्र धारण कर लें।

मां की प्रतिमा को शुद्ध जल या गंगाजल से स्नान कराएं। मां को पीले रंग के वस्त्र अर्पित करें। मां को स्नान कराने के बाद पुष्प अर्पित करें। मां को रोली कुमकुम लगाएं। देवी कात्यायनी की पूजा में पीले या फिर ग्रे रंग के वस्त्र पहने. गोधूली मुहूर्त में देवी को पीले पुष्प या बेर के पेड़ का फूल भी चढ़ा सकते हैं. देवी के इस स्वरूप को बेर के पेड़ का फूल अति प्रिय है. षोडोपचार से देवी की आराधना करें. शहद का भोग लगाएं और

छठवां नवरात्र : माँ कात्यायनी



मां के मंत्रों का जाप करें और कथा पढ़ने के बाद देवी की आरती करें.

**मंत्र जाप :** मां कात्यायनी को प्रसन्न में करने एवं पूजने के लिए इस मंत्र का विशेष जाप विशेष फलदाई माना जाता है-

*कात्यायनी शुभं दद्याद् देवी दानवघातिनी।।*
*या देवी सर्वभूतेषु माँ कात्यायनी रूपेण संस्थिता।*
*नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।।*

अर्थात् : हे माँ! सर्वत्र विराजमान और शक्ति -रूपिणी प्रसिद्ध अम्बे, आपको मेरा बार-बार प्रणाम है (या मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूँ)।

**वैवाहिक फलदायिनी :** विवाह योग्य कन्याओं एवं विशेष रूप में जिनके विवाह में विलंब हो रहा हो, उनके लिए नवरात्रि की षष्ठी तिथि पर विशेष पूजन किया जाता है। इस दिन प्रातःकाल से ही मां भगवती का अर्चन एवं पूजन किया जाता है। देवी भक्तों का अनुभव है कि यदि कोई कन्या षष्ठी पूजन को पूर्ण विधि-विधान एवं श्रद्धा से कर लें तो उसका विवाह एक वर्ष के भीतर हो जाता है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार कोई भी विवाह योग्य कन्या यह पूजन कर सकती है। इसके लिए किसी विशेष अनुमति आदि का बंधन नहीं है। केवल श्रृंगार सामग्री एवं पूजन सामग्री से माता का पूजन फलदायी होता है।जो भक्त मां कात्यायनी की पूजा करता है उन्हें मनचाहा जीवनसाथी मिलता है। बता दें की कन्याओं के शीघ्र विवाह के लिए इनकी पूजा अद्भुत मानी जाती है। कात्यायनी को प्रसन्न करने का मंत्र है-

*चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।*
*कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।*

**मंत्र के लाभ :** विलंबित विवाह की समस्या के समाधान के लिए कात्यायनी मंत्र लाभकारी है। ऐसा माना जाता है कि कात्यायनी मंत्र में जन्म कुंडली में स्थित

कुज या मांगलिक दोष को दूर करने की शक्ति होती है। मांगलिक दोष से विवाह में न केवल देरी होती है, अपितु सुखी विवाहित जीवन में भी अनेक समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। विवाहित दम्पति भी अपने विवाहित जीवन में सुख और शांति सुनिश्चित करने के लिए और शीघ्र अपने वंशावली में वृद्धि के लिए कात्यायनी मंत्र के नियमित जप से लाभ उठा सकते हैं। कात्यायनी मंत्र का पूरी आस्था के साथ जप किया जाए तो कन्या की विवाह के लिए योग्य वर को मिलने में सहायता करता है। कात्यायनी मंत्र उन युगल के लिए भी बहुत लाभदायक है जो प्रेम में हैं किन्तु , माता-पिता की अस्वीकृति जैसे विभिन्न कारणों के कारण विवाह नहीं कर पा रहे हैं।

**ब्रजमंडल अधिष्ठात्री :** भगवान कृष्ण जैसा पति पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी। यह पूजा कालिंदी यमुना के तट पर की गई थी। इसीलिए वह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं।यह मंत्र विवाह के लिए अत्यंत असरकारी व लोकप्रिय है।

*कात्यायनी, महामाया महायोगीन्यधीश्वरी*
*नंद गोप सुतं देवी पति में कुरुते नम:।*

दुर्गा के इस रूप कात्यायनी को आयुर्वेद औषधि में कई नामों से जाना जाता है। जैसे- अम्बा, अम्बालिका, अम्बिका उन्हें माचिका भी कहते हैं। कात्यायनी कफ, पित्त, अधिक विकार एवं कंठ के रोग का नाश करती है।

इस तरह छठे नवरात्र में मां कात्यायनी का पूजन अर्चन मन वांछित फल प्रदान करता है।

## समाज्ञा स्पोर्ट्स

# कप्तान सूर्यकुमार के सामने एशिया कप फाइनल में बल्लेबाज के तौर पर चमक बिखेरने की चुनौती



**दुबई :** कप्तान के तौर पर एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में अब तक शानदार परिणाम हासिल करने वाले सूर्यकुमार यादव बल्ले से अपनी ख्याति के मुताबिक चमक बिखेरने में नाकाम रहे हैं लेकिन रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले फाइनल में उनके पास शानदार मौका होगा। सूर्यकुमार का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में नाबाद 47 रन रहा है। उन्होंने यह पारी तब खेली जब टीम जीत के लिए छोटे लक्ष्य का पीछा कर रही थी और आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 31 रन की ताबड़तोड़ पारी से टीम के अन्य बल्लेबाजों से दबाव पूरी तरह से हटा दिया था। कप्तान बनने के बाद सूर्यकुमार की बल्लेबाजी में थोड़ी गिरावट देखने को मिली है। इसका एक कारण उनके बल्लेबाजी क्रम में लगातार बदलाव करना भी है। सूर्यकुमार युवा खिलाड़ियों को बल्लेबाजी का ज्यादा मौका देने के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को आगे पीछे करते रहे हैं। सूर्यकुमार ने 2024 में 15 पारियों में चार अर्धशतक की मदद से 420 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान 271 गेंदें खेली और उनका स्ट्राइक-रेट 155 रहा। इन 15 पारियों में उन्होंने 40 चौके और 22 छक्के लगाए। उनकी डॉट गेंद का प्रतिशत 35 के आसपास का रहा। भारतीय कप्तान ने साल 10 पारियों में 90 गेंदों पर केवल 99 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक-रेट गिरकर 110 हो गया है। इसका मुख्य कारण उनके बल्लेबाजी क्रम में खुद से किए गए बदलाव का भी योगदान है। इसमें से ज्यादातर मैचों में भारतीय टीम इतनी हावी रही है कि पहले गेंदबाजी करने पर उसे जीत के लिए छोटे लक्ष्य मिले।टीम ने जब पहले बल्लेबाजी की तो अभिषेक और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों की बड़ी पारियों के कारण सूर्यकुमार को क्रीज पर समय बिताने का बहुत कम समय मिला।

# भारत ने पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को हराकर सातवां सैफ अंडर-17 खिताब जीता




कोलंबो : भारतीय फुटबॉल टीम ने शनिवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को 4-1 से हराकर सातवां सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप खिताब जीता। भारत ने दल्लामुओन गंगटे (चौथे मिनट) और अजलान शाह केएच (38वें मिनट) के गोल की मदद से पहले हाफ में 2-1 की बढ़त बनाई हुई थी लेकिन बांग्लादेश ने आखिरी मिनट में इहसान हबीब रिदुआन के बराबरी के गोल से वापसी कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया जिससे शूटआउट से नतीजा निकला। भारतीय टीम ने जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल किए। इसके बाद शुभम पूनिया ने निर्णायक चौथा किक गोल में डाला। वहीं बांग्लादेश की टीम दबाव में बिखर गई। उसके लिए केवल मोहम्मद माणिक ही गोल कर सके।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप: ऊंची कूद खिलाड़ी शैलेश ने स्वर्ण जीतकर भारत का खाता खोला

**नयी दिल्ली :** शैलेश कुमार और वरुण सिंह भाटी ने शनिवार को पुरुषों की ऊंची कूद टी63-टी42 स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेजबान भारत का खाता खोला। पच्चीस वर्षीय शैलेश ने टी42 वर्ग में 1.91 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास से चैंपियनशिप रिकॉर्ड और एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। पैरा एशियाई खेलों के पूर्व पदक विजेता भाटी ने कांस्य पदक जीता जबकि मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अमेरिका के एज्रा फ्रेच ने रजत पदक हासिल किया। भाटी और फ्रेच दोनों ने 1.85 मीटर की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई लेकिन अमेरिकी खिलाड़ी ने 'काउंट-बैक' में भारतीय खिलाड़ी को हरा दिया। इस स्पर्धा में शामिल तीसरे भारतीय राहुल 1.78 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास से चौथे स्थान पर रहे। शैलेश, भाटी और राहुल टी42 एथलीट हैं जिनके घुटने के ऊपर एक अंग विच्छेदन हुआ हो या एक समान दिव्यांगता हो। टी63 वर्गीकरण उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके घुटने के पास दिव्यांगता हो। टी63 और टी42 एथलीटों को एक ही स्पर्धा में शामिल किया जा सकता है और शनिवार को भी यही प्रक्रिया अपनाई गई।

# शीतल देवी 18 साल की उम्र में पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन बनीं



**ग्वांग्जू (दक्षिण कोरिया) :** भारत की 18 वर्षीय शीतल देवी ने शनिवार को यहां विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में तुर्किये की दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज ओजनूर क्यूर गिर्डी को 146-143 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। स्पर्धा में शीतल एकमात्र बिना बाजू वाली पैरा तीरंदाज हैं। वह निशाना लगाने के लिए अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल करती हैं और यह चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक है। इससे पहले शीतल और सरिता ने कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा में रजत पदक। शीतल ने तोमन कुमार के साथ मिलकर कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत फाइनल तनावपूर्ण था लेकिन शीतल ने संयम से निशाने लगाए। पहला राउंड 29-29 से बराबरी पर था, लेकिन शीतल ने दूसरे राउंड में 10-10 के तीन शॉट लगाकर 30-27 से जीत बढ़त हासिल की। तीसरा राउंड भी 29-29 से बराबरी पर था। चौथे राउंड में शीतल मामूली अंतर से चूक गईं जिसमें उन्होंने 28 अंक बनाए और गिर्डी एक अंक से इसे जीत गईं। हालांकि फिर भी शीतल ने 116-114 के स्कोर पर दो अंक की बढ़त बनाए रखी। इसके बाद उन्होंने अंतिम राउंड में तीन सटीक तीर से 30 अंक बनाकर अपना पहला स्वर्ण पदक पक्का किया। इससे पहले जम्मू कश्मीर की इस तीरंदाज ने सेमीफाइनल में ब्रिटेन की जोडी ग्रिनहम को 145-140 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। यह खिताबी मुकाबला 2023 पिलसन विश्व चैंपियनशिप का दोहराव था जिसमें गिर्डी ने शीतल को 140-138 से हराया था। कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता को फाइनल में तुर्की से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप: रश्मिका-कपिल को एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण

**नयी दिल्ली :** भारतीय निशानेबाजों ने शनिवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह रेंज में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए शीर्ष दो स्थान हासिल किए जबकि स्कीट स्पर्धा में रायजा ढिल्लों ने रजत पदक जीता जिससे मेजबानों का चमकदार प्रदर्शन जारी रहा। भारत अभी तीन स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक जीतकर शीर्ष पर है। इटली दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर दूसरे जबकि व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी (एआईएन) दो स्वर्ण पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। हाल में कजाखस्तान में एशियाई चैंपियनशिप की महिला और पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाली रश्मिका और कपिल ने यहां चल रही प्रतियोगिता के तीसरे दिन एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। रश्मिका और कपिल ने खिताबी दौर में वंशिका चौधरी और एंटोनी जोनाथन गेविन की एक अन्य भारतीय जोड़ी को 16-10 से हराया।

## वर्ग पहेली नं. 3221

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 7 | |
| 8 | 9 | | 10 | | ■ | 11 | 12 | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 13 | | | ■ | 14 |
| ■ | 15 | 16 | | ■ | | ■ | 17 | | |
| 18 | | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 20 | 21 | | | ■ | 22 | 23 | |
| 24 | 25 | ■ | | ■ | ■ | 26 | | | ■ |
| ■ | 27 | | | | | | ■ | 28 | |

*बायें से दायें:-* 1) मुसीबत, 3) बिना संग-साथ के, 5) आवेगपूर्ण क्रोध, 7) तिब्बती जंगली भैंसा, 8) लहराता, 11) द्वार की चौखट; घर के द्वार का बाहरी भाग, 13) पुत्री, 15) भिखारी, 17) पदक, 18) कमलनाल, 19) दुनिया, 20) मृदुता, 22) भाला, 24) व्यंगपूर्ण चुटीली बातें, 26) खोज, 27) तड़कभड़क; *स्टारडम*, 28) संबंध के बहाने.

*ऊपर से नीचे:-* 1) ज़ंजीर, 2) छप्पर, 3) यदि, 4) आपसदारी, 5) आरंभिक कर्म, 6) संदेह, 9) भारत का एक राज्य, 10) देनेवाला, 12) ज़िंदगी, 13) अकेलापन, 14) दुविधा, 16) प्रथा, 18) नरमी, 19) पूँजी, 21) कला-प्रेमी, 22) आफ़त, 23) लगाम, 25) नृत्य, 26) पर्यंत.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रं | ग | ■ | ■ | अ | ना | क | र्ष | क |
| दै | ■ | ज | ग | न्ना | थ | ■ | च | ■ | म |
| व | ग़ै | र | ह | ■ | वा | ■ | प | ■ | सि |
| ■ | र | ■ | ना | ता | ■ | प | च | प | न |
| ■ | मु | क्क | ■ | क | रा | ह | ■ | ह | ■ |
| ले | ना | ■ | च | ना | ■ | चा | प | लू | स |
| ■ | सि | या | र | ■ | आ | न | न | ■ | र |
| ख़ू | ब | ■ | प | श्चि | म | ■ | प | ड़ो | स |
| नी | ■ | चा | रा | ■ | द | र्श | ना | ■ | री |

## सुडोकू-पहेली-3178

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | 1 | | | |
| | 5 | | | | 9 | | 2 | |
| | | | | | | | | |
| | 9 | 4 | 7 | | 8 | | | 5 |
| | | | | | | 3 | 6 | |
| | | 6 | | | 7 | | | 4 |
| | | | | 5 | | | | |
| | | 2 | | 4 | | | | 3 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3177 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 3 |
| 3 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 2 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 4 | 8 | 9 | 1 | 7 | 6 | 3 | 2 |


काशी बोस लेन दुर्गा पूजा समिति


चोरबागान सार्वजनिन


कालीघाट


हिंदुस्तान पार्क सार्वजनिन


शकुन्तला पार्क नेताजी संघ


मंदिरतला स्पोर्टिंग क्लब, बऊबाजार


बेगोरखाल शक्ति संघ रिक्रिएशन


हातिबागन सार्वजनिन

## यंग बॉयज क्लब ने ऑपरेशन सिंदूर मंडप से वीर सैनिकों को दी सलामी

यंग बॉयज क्लब के पूजा पंडाल में उद्घाटन पर सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय, पूर्व विधायक संजय बक्शी, पूर्व विधायक स्मिता बक्शी, राकेश सिंह, रामचंद्र बडोपलिया, विक्रांत सिंह, विनोद सिंह, अक्षत सिंह व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे





**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता का यंग बॉयज क्लब दुर्गा पूजा कमेटी ने अपने 56वें वर्ष में ऑपरेशन सिंदूर थीम पर भव्य मंडप का अनावरण किया और भारत के सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। यह मंडप हजारों लोगों को तारा चंद दत्ता स्ट्रीट पर आकर्षित कर रहा है और सेंट्रल एवेन्यू से रवींद्र सरणी को जोड़ने वाले ऐतिहासिक स्थल पर स्थित है। कलाकार देबशंकर महेश द्वारा डिजाइन किए गए मंडप में भारतीय सेना के टैंकों और मिसाइलों की जीवंत प्रतिकृतियां लगी हैं। इसका मुख्य आकर्षण महिला अधिकारी–कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह–का सम्मान है, जो सेना में महिलाओं की शक्ति और नेतृत्व का प्रतीक हैं। मूर्तिकार कुशध्वज बेरा द्वारा बनाई गई देवी दुर्गा की मूर्ति पारंपरिक शैली के साथ सेना की वीरता का सम्मान करती है, और यह अनूठा डिज़ाइन दर्शकों को देशभक्ति और सांस्कृतिक सौंदर्य का अद्भुत अनुभव देता है। मुख्य आयोजक राकेश सिंह ने मीडिया से कहा, दुर्गा पूजा हमारे लिए केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक भावना है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से हम अपने वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हैं और आगंतुकों में गर्व और देशभक्ति की भावना जगाना चाहते हैं। युवा अध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा, यह थीम केवल सजावट नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति समर्पण और सैनिकों के सम्मान का प्रतीक है। हमें उम्मीद है कि आगंतुक इसे देखकर गर्व और कृतज्ञता महसूस करेंगे। सह-आयोजक विनोद सिंह ने जोड़ा, हमारा उद्देश्य हर साल ऐसी पूजा करना है जो भव्यता के साथ सार्थक संदेश भी दे। 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से हम सैनिकों की अदम्य भावना का सम्मान कर रहे हैं।


एके ब्लॉक, साल्टलेक




आदि बालीगंज सार्वजनिन दुर्गोत्सव समिति के 76वें वर्ष आयेजित पूजा का थीम 'वंदे मातरम' है।


सुभाषग्राम आश्रयपाड़ा अपनजन क्लब


मुदियाली क्लब


आदर्श पाल्ली नबारून संघ


आदर्श नगर पूर्व सार्वजनिन


बरिशा सबुज साथी क्लब


न्यू जेम्स अजंता अपार्टमेंट


चक्रेंदुअ युवक वृंद


एस.एम नगर सरकारी आवास परिसर

# कोलकाता में फिर करंट से मौत, सरसुना में जमे पानी में दुकान खोलते समय वृद्धा की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में करंट लगने से मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सड़क पर जमा पानी एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शनिवार को पंचमी की सुबह बेहाला-सरशूना इलाके में एक वृद्ध महिला (66) की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के समय सड़क पर पानी जमा था। वृद्धा दुकान का शटर खोलने की कोशिश कर रही थीं, तभी हादसा हुआ। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतका का नाम



श्रावंती देवी है। वह सरशूना के क्षुदिराम पल्ली, तालपुकुर रोड की निवासी थीं। सुबह करीब 7:30 बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचीं, तो शटर उठाते ही करंट की चपेट में आ गईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और बिजली वितरण कंपनी सीईएससी को सूचना दी। उन्हें विद्यासागर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सीईएससी अधिकारियों ने बताया कि दुकान की छत पर लगे टिन शेड में एक बल्ब लगाया गया था, जिसकी तार सही ढंग से फिट नहीं थी। उसी विद्युत तार के कारण शटर में करंट आया और हादसा हुआ।

### सोनारपुर में पूजा पंडाल में करंट लगने से युवक की मौत

दुर्गा पूजा के दौरान शनिवार की सुबह सोनारपुर में एक पूजा पंडाल में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान विश्वजीत साहा के रूप में हुई है। वे उस पूजा कमेटी के सदस्य थे। जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में विश्वजीत साहा पूजा पंडाल में पहुंचे थे। पंडाल के एक हिस्से को छूते ही वह करंट की चपेट में आ गए। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कर दी और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद इलाके में शोक की लहर है। पंचमी के दिन पूजा की खुशी मातम में बदल गई। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है कि आखिर यह हादसा कैसे हुआ।

## फेसबुक लाइव पर सेना का अपमान, नदिया में युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया ज़िले के आड़ंगघाटा इलाके से भारतीय सेना के खिलाफ फेसबुक लाइव पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम विश्वजीत विश्वास है, जो धानतला थाना क्षेत्र के आड़ंगघाटा इलाके का निवासी बताया गया है। सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिन पहले विश्वजीत ने फेसबुक लाइव के दौरान भारतीय सेना को लक्ष्य कर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। इतना ही नहीं, सेना की छवि धूमिल करने वाली टिप्पणी और गाली-गलौज भी की। यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैलते ही लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। आम नागरिकों ने इस



गैर-जिम्मेदाराना और अपमानजनक बयानबाज़ी के खिलाफ कड़ी आपत्ति जताई। इसके बाद, आरोपित के खिलाफ धानतला थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शुक्रवार की रात विश्वजीत को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को आरोपित को अदालत में पेश किया गया।

## चिकित्सा आधार पर स्थानांतरण को लेकर छात्र की याचिका पर आईआईटी खड़गपुर को नोटिस जारी

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने 'बॉर्डरलाइन पर्सनैलिटी डिसऑर्डर' (बीपीडी) से पीड़ित वास्तुकला में स्नातक प्रथम वर्ष के एक छात्र की याचिका पर आईआईटी खड़गपुर और अन्य से जवाब मांगा है। छात्र ने चिकित्सा आधार पर आईआईटी दिल्ली में स्थानांतरण किये जाने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर, आईआईटी दिल्ली और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को नोटिस जारी किया है। पीठ ने कहा कि प्रतिवादियों को नोटिस जारी किये जाते हैं, जिनका जवाब 10 अक्टूबर 2025 तक दिया जाये। बीपीडी एक मानसिक विकार है, जिसमें व्यक्ति की भावनाओं, आत्म-छवि और रिश्तों में अस्थिरता होती है, जिसके कारण वे तीव्र और अनियंत्रित व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। याचिकाकर्ता ने अधिवक्ता विपिन नायर के माध्यम से दायर अपनी याचिका में दलील दी कि सभी निर्धारित प्रक्रियाओं और स्थापित मिसालों के अनुपालन के बावजूद उन्हें स्थानांतरण से वंचित कर दिया गया। याचिका में कहा गया है कि यह चिकित्सा सुविधा खड़गपुर में उपलब्ध नहीं है और इसलिए एम्स दिल्ली में इलाज कराने का अनुरोध किया गया है, जो आईआईटी दिल्ली के बहुत करीब है। इसमें कहा गया है कि वर्तमान मामले जैसे मामलों में लागू स्थानांतरण नियम स्पष्ट रूप से चिकित्सा आधार पर ऐसे स्थानांतरण की अनुमति देते हैं। याचिकाकर्ता को 'बॉर्डरलाइन पर्सनैलिटी डिसऑर्डर' नामक बीमारी है, जिसके लिए एम्स, दिल्ली में उपलब्ध विशेष 'रिपीटिटिव ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन' थेरेपी और माता-पिता की देखरेख की आवश्यकता है।

## कपिल शर्मा को धमकी, मुंबई क्राइम ब्रांच ने कोलकाता से किया गिरफ्तार, मांगी थी 1 करोड़ की फिरौती

**कोलकाता :** मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा को मेल के जरिए जान से मारने की धमकी और 1 करोड़ रुपए की फिरौती हाल में ही मांगी गई थी। मुंबई क्राइम ब्रांच ने धमकी देने वाले शख्स को पश्चिम बंगाल के 24 परगना से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए शख्स की पहचान दिलीप चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, दिलीप चौधरी खुद को गैंगस्टर गोल्डी बरार और रोहित गोदारा गैंग का मेंबर बताकर कपिल शर्मा को मेल भेजकर 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांग रहा था। पुलिस के अनुसार मुंबई क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान दिलीप चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दिलीप ने कपिल शर्मा को लगातार फोन और मेल कर एक करोड़ की फिरौती मांगी थी। उसने खुद को कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा गिरोह से जुड़ा हुआ बताया था। जानकारी के मुताबिक 22 और 23 सितम्बर को कपिल शर्मा के पास कई बार अलग-अलग नंबरों से धमकी भरे फोन आए। फोन करने वाले ने गोल्डी बराड़ का नाम लेकर डराने की कोशिश की और कहा कि रकम नहीं देने पर गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। इसके बाद मुंबई पुलिस ने ट्रैकिंग कर आरोपित को कोलकाता से गिरफ्तार किया। अदालत ने उसे 30 सितम्बर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

यह पहली बार नहीं है जब कपिल शर्मा पर संकट आया हो। बीते जुलाई में उनके कनाडा स्थित कैफे पर सप्ताह भर के भीतर दो बार फायरिंग हुई थी। पहली घटना की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लाडी ने ली थी, जबकि दूसरी बार लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने हमले की जिम्मेदारी स्वीकार की थी। उस दौरान धमकी दी गई थी कि कपिल ने नेटफ्लिक्स शो में सलमान खान को बुलाने की कीमत चुकानी होगी, वरना 'मुंबई की सड़कों पर एके-47 चलेगी'। लगातार धमकियों और हमलों ने कपिल शर्मा की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बढ़ा दी है। इसी कारण मुंबई पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपित को दबोच लिया। अब जांच इस बात पर केंद्रित है कि दिलीप चौधरी वास्तव में किसी बड़े गैंग का हिस्सा है या फिर नामी गैंगस्टरों का नाम लेकर खुद को खतरनाक साबित करने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 30 सितम्बर तक की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। मुंबई पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही, यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या वास्तव में आरोपी का गोल्डी बरार और रोहित गोदारा गैंग से कोई संबंध है।

कॉमेडियन कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट पर हुई फायरिंग के बाद कुख्यात लॉरेंस गैंग को कनाडा में आतंकी संगठन घोषित करने की मांग भी उठ चुकी है। ब्रिटिश कोलंबिया के प्रीमियर डेविड एबी और अल्बर्टा की प्रीमियर डेनियल स्मिथ समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने यह मांग की है। उधर, कनाडा की अपराध नियंत्रण मंत्री रूबी सहोता ने इस मांग पर कहा है कि सरकार इस पर गंभीरता से विचार कर रही है। अगर गैंग मानदंड पूरे करता है तो इसे इसे आतंकी संगठन घोषित करने में देर नहीं होगी।

## बीएलओ की ड्यूटी लेने से इनकार करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई पर फैसला करेगा चुनाव आयोग

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में उन शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई पर फैसला करेगा जो उन्हें आवंटित बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के कर्तव्यों को स्वीकार करने से इनकार कर रहे हैं। कोलकाता स्थित मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) का कार्यालय बीएलओ कार्यभार ग्रहण करने से इनकार करने वाले शिक्षकों के बारे में चुनाव आयोग को एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने वाला है। सीईओ कार्यालय की रिपोर्ट के आधार पर, घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने बताया कि चुनाव आयोग ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश करेगा, जिस पर सीईओ कार्यालय कार्रवाई करेगा। सीईओ कार्यालय के एक सूत्र ने बताया कि पिछले महीने कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश पीठ ने फैसला सुनाया था कि आयोग द्वारा सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को बीएलओ नियुक्त करने के फैसले में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है, इसके बावजूद सरकारी स्कूलों के कई शिक्षकों ने बीएलओ कार्यभार ग्रहण करने से इनकार कर दिया है। सीईओ कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि शिक्षकों के एक बड़े वर्ग द्वारा काम करने में अनिच्छा के कारण, सीईओ कार्यालय को केवल राज्य सरकार के वेतनभोगी स्थायी कर्मचारियों को ही बीएलओ की ड्यूटी आवंटित करने में समस्या आ रही है, जैसा कि चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है।

## सियालदह डिवीजन ने पूजा सीजन में सुरक्षा के लिए 'वार रूम' किया ऑपरेशनल



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन ने पंडालों और यात्रियों की सुरक्षा के लिए 26 सितंबर को समर्पित 'वार रूम' के प्रारंभिक चरण को सफलतापूर्वक ऑपरेशनल कर दिया है। यह कदम आगामी पूजा सीजन में बढ़े हुए यात्री दबाव और रेलवे सुरक्षा की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए डिवीजन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह 'वार रूम' विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि आने वाले त्योहारों में लाखों पंडाल हॉपर्स और यात्री रेलवे नेटवर्क का उपयोग करेंगे। यह अत्याधुनिक कंट्रोल सेंटर रियल-टाइम में ऑपरेशनल निगरानी का केंद्र बनेगा और डिवीजन को भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा संबंधित किसी भी घटना का तुरंत समाधान करने में सक्षम बनाएगा। नए वार रूम में 2,200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के लाइव फीड का एकीकृत दृश्य उपलब्ध है, जो 12 विभिन्न क्लस्टरों से जुड़े हुए हैं और महत्वपूर्ण स्टेशनों एवं रेल खंडों की व्यापक निगरानी प्रदान करते हैं। यह प्रणाली वास्तविक समय में भीड़ प्रबंधन, प्लेटफॉर्म और कॉन्कोर्स पर संभावित ओवरक्राउडिंग रोकने, और असामान्य घटनाओं या सुरक्षा खतरों के तुरंत जवाब देने में सहायता करती है। वर्तमान में यह लाइव मॉनिटरिंग और सुरक्षा पर केंद्रित है, लेकिन भविष्य में इसे बड़े हादसों या प्राकृतिक आपदाओं समेत सभी आपात स्थितियों के प्रबंधन के लिए पूरी क्षमता वाला वार रूम बनाया जाएगा।

## तरुण समिति के मंडप में पहुंचीं बॉलीवुड अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी



**हावड़ा :** मध्य हावड़ा के रामकृष्णपुर लेन में तरुण समिति द्वारा आयोजित दुर्गापूजा के मंडप में 80 के दशक की मशहूर अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी पहुंचीं। उन्होंने पूजा अर्चना भी की। मालूम रहे कि इस वर्ष समिति की ओर से पंडाल को असम के प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है। पूजा की थीम पीरियड्स (मासिक धर्म) है। इस थीम के जरिये आयोजक यह बताने की कोशिश करेंगे कि पीरियड होने के दौरान किशोरियां, युवतियां और महिलाएं अशुद्ध नहीं होती हैं। इसलिए पंडाल की सजावट में सैनिटरी नैपकिन (पैड) को भी रखा गया है। इस वर्ष पूजा का 80 वां साल है। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष श्रीकांत घोष ने दी। इस मौके पर हावड़ा डिस्ट्रिक्ट सांस्कृतिक उन्नयन मंच की ओर से जरूरतमंदों के बीच वस्त्र भी बांटे गये।

## बिश्वा बांग्ला शारद सम्मान 2025: दक्षिण 24 परगना की 28 पूजा समितियां सम्मानित

**कोलकाता :** दुर्गापूजा को सृजनशीलता और सामाजिक भागीदारी का उत्सव बनाने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दिए जाने वाले बिश्वा बांग्ला शारद सम्मान 2025 की घोषणा हो गई है। दक्षिण 24 परगना ज़िले से इस वर्ष कुल 100 पूजा समितियों ने भाग लिया, जिनमें से 28 समितियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मान प्रदान किया गया। पुरस्कृत श्रेणियों में सेरा पूजा (50,000), सेरा मंडप (30,000), सेरा प्रतिमा (20,000) और सेरा समाज सचेतनता (10,000) शामिल हैं।

इस वर्ष सेरा पूजा श्रेणी में बाटानगर न्यूलैंड पूजा समिति, गारिया सर्वजनिन दुर्गोत्सव समिति



और मिठाखाली सर्वजनिन दुर्गोत्सव सहित कई समितियों को सम्मान मिला। सेरा मंडप के लिए मध्या पुजाली छोटो बत्ताला पूजा समिति और बारुईपुर प्रगति संघ विजेता बने। सेरा प्रतिमा श्रेणी में उदयरामपुर रिक्रिएशन क्लब और राजपुर नबरुण संघ को सम्मान मिला, जबकि सेरा समाज सचेतनता के अंतर्गत रामचंद्रनगर नेताजी सुभाष क्लब और नूंगोला सर्वजनिन दुर्गोत्सव समिति सहित कई समितियों को चुना गया। राज्य सरकार का कहना है कि ये सम्मान बंगाल की सांस्कृतिक पहचान को देश और दुनिया में और भी मजबूत करेंगे।

## ग्रैंड शॉप्सी मेला 2025 ने छोटे शहरों में बढ़ाई त्योहारी खरीदारी की लहर

**कोलकाता, समाज्ञा :** शॉप्सी बाय फ्लिपकार्ट ने ग्रैंड शॉप्सी मेला 2025 के साथ खरीदारी का उत्सव शुरू किया। इस दौरान 70% से अधिक ऑर्डर और ऐप इंस्टॉल टियर 3 और 4+ शहरों से आए, जिससे छोटे शहरों में किफायती और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की मांग स्पष्ट हुई। मिलेनियल्स और जेन जी खरीदारों ने घरेलू सामान, पुरुषों के फैशन और फुटवेयर में सबसे अधिक खरीदारी की। बार-बार खरीदने वाले ग्राहकों ने बिक्री में 44% का उछाल लाया। त्योहारी संग्रह में कुर्ते, दिवाली सजावट, ईयरबड्स और पुरुषों की घड़ियां शामिल थीं, जिन्हें 1,300 से अधिक श्रेणियों में 149 रुपये से कम कीमत पर उपलब्ध कराया गया। शॉप्सी ने स्थानीय व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए सेलर रिवॉर्ड्स प्रोग्राम भी शुरू किया। युवा खरीदारों और महिला ग्राहकों की सक्रिय भागीदारी ने त्योहारी बिक्री को रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचाया।

## रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में दुर्गा पूजा और दशहरा धूमधाम से मनाया गया




**कोलकाता, समाज्ञा :** रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में दुर्गा पूजा और दशहरा के अवसर पर विशेष सभा का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने भक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति दी, रंगारंग नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए और बुराई पर अच्छाई की विजय को दर्शाते हुए एक नाट्य अभिनय भी किया। विद्यालय परिसर में रचनात्मक कला गतिविधियों ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। पूरी सभा ने दुर्गा पूजा की भव्यता और दशहरा की भावना को सजीव कर दिया, जो धर्म, एकता और सांस्कृतिक गर्व का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मौसमी महापात्रा ने कहा, हमारा यह उत्सव संस्कृति और रचनात्मकता का सुंदर संगम था। बच्चों की प्रस्तुतियों में परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों की झलक थी, जिसने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया और उन्हें भारत की समृद्ध विरासत से जोड़ने का कार्य किया।

## जैनधर्म में तप का है विशिष्ट महत्व : मुनि जिनेश कुमार

❑ मासखमण तप अभिनंदन का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनि जिनेश कुमार ठाणा-3 के सान्निध्य में राजलक्ष्मी दुगड़ व बैकुण्ठ नाहटा के मासखमण तप पर अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकत्ता-पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा भिक्षु विहार में किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री जिनेश कुमार ने कहा कि जैन धर्म में तप का विशिष्ट महत्त्व है। तप से अतीत कर्मों का प्रक्षालन होता है। तप से अनागत की वासना का विसर्जन होता है, वर्तमान में आत्म शक्ति का प्रवर्धन होता है। तप से देहासक्ति का सम्यक विसर्जन होता है, कर्मों की अपूर्व निर्जरा होती है। तप मोक्ष का मार्ग है। सत्यम् शिवम् सुन्दरम का समन्वित रूप तप है। जीवन जागरण, आत्मशोधन, बंधन मुक्ति, मानसिक एकाग्रता, इन्द्रिय शमन और स्वभाव परिवर्तन तपस्या के फल हैं। तप अक्षय शिव सुख की उपलब्धि है। चतुर्मास में तपस्या का निर्झर निरंतर बह रहा है। राजलक्ष्मी दुगड़ व वैकुण्ठ नाहटा ने मासखमण तप कर अद्भुत मनोबल का परिचय प्रदान किया है। पूर्वांचल चतुर्मास में अब तक मासखमण व उससे अधिक तपस्या 15 हो चुकी है। मैं इन दोनों तपस्वियों के तप की सराहना करते हुए उनके प्रति मंगल कामना व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर स्वागत




भाषण पूर्वांचल सभा के अध्यक्ष संजय सिंघी ने दिया। साध्वी प्रमुखाश्री के संदेश का वाचन तेरापंथ महिला मेडल पूर्वांचल की उपाध्यक्ष विनीता बरमेचा व मंत्री नीता बोधरा ने किया। अभिनंदन पत्र का वाचन पारसमल बच्छावत व मुकेश पुगलिया ने किया। तप अभिनंदन में कलकत्ता सभा के अध्यक्ष अजय भंसाली, मध्य-उत्तर कलकता सभा के अध्यक्ष पारसमल सेठिया, उपासक जब्बर दुगड़, श्रेयांस नाहटा ने विचार व्यक्त किये। तप अनुमोदना में रीना नाहटा आदि परिवार की बहनों, भूरामल सामसुखा व मोतीलाल जी विनायकिया ने गीत का संगान लिया। आभार ज्ञापन सभा के मंत्री पंकज डोसी ने किया। कार्यक्रम का संचालन मुनि परमानंद व संगठन मंत्री हंसमुख मुथा ने संयुक्त रूप से किया। पूर्वांचल सभा द्वारा मासखमण तपस्वी राजलक्ष्मी दुगड़ व वैकुण्ठ नाहटा का सम्मान किया गया।



पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने पंचमी पर हावड़ा में कोल्विन कोर्ट सार्वजनिन दुर्गा पूजा का उद्घाटन किया।

## जाइडस और पिंकाथॉन ने स्तन कैंसर जागरूकता के लिए मिलाया हाथ

**कोलकाता, समाज्ञा :** जाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड और पिंकाथॉन ने स्तन कैंसर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साझेदारी की है। इस पहल के तहत मुंबई पिंकाथॉन का 10वां संस्करण 21 दिसंबर 2025 को बीकेसी स्थित एमएमआरडीए ग्राउंड पर आयोजित होगा। यह दौड़ 2025-26 के दौरान छह शहरों-मुंबई, बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई-में आयोजित की जाएगी, जिसमें 30,000 से अधिक महिलाओं की भागीदारी अपेक्षित है। कार्यक्रम की घोषणा जाइडस लाइफसाइंसेज के प्रबंध निदेशक डॉ. शारविल पटेल, जाइडस फाउंडेशन की उपाध्यक्ष मेहा पटेल, पिंकाथॉन के संस्थापक और अभिनेता मिलिंद सोमन तथा इन्विंसिबल वुमन की संस्थापक अंकिता कोंवर ने की। डॉ. पटेल ने कहा कि ईजिएस्ट एग्जाम अभियान से महिलाएं महीने में केवल तीन मिनट के सेल्फ-ब्रेस्ट एग्जाम से जीवन बचा सकती हैं। वहीं, मिलिंद सोमन ने कहा कि पिंकाथॉन का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। मेहा पटेल ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार का संदेश साझा किया।

## हावड़ा डिवीजन ने स्वच्छ भारत सांस्कृतिक महोत्सव का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** देशव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान को आगे बढ़ाते हुए और स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने शनिवार को स्वच्छ भारत सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया। इस महोत्सव में दो प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए गए। बामनगाछी स्थित केंद्रीय विद्यालय और बंडेल केंद्रीय विद्यालय (बीडीसी) में स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े विषयों पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्रों ने चित्रकला, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमें स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण जागरूकता जैसे विषय शामिल थे। छात्रों की सक्रिय और उत्साही भागीदारी ने स्वच्छ भारत मिशन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दिखाया। युवाओं की भागीदारी को और बढ़ावा देने के लिए दोनों विद्यालयों में 'यूथ कनेक्ट प्रोग्राम' भी आयोजित किया गया। इन सत्रों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, इंटरैक्टिव चर्चाएं और प्रेरक वार्ता शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, बंडेल स्टेशन पर एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने स्वच्छ और हरा-भरा भारत बनाने की अपनी रचनात्मक दृष्टि प्रस्तुत की। स्वच्छ भारत सांस्कृतिक महोत्सव में छात्रों ने पूरे उत्साह और रचनात्मकता के साथ हिस्सा लिया।

## आरपीएफ ने 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत शराब और नकदी की बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आरपीएफ ने 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार अभियान तेज कर रखा है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य रेलवे परिसर और ट्रेनों में प्रतिबंधित सामान, अवैध वस्तुओं तथा तस्करी की रोकथाम करना है। 26 सितंबर को हावड़ा और आसनसोल मंडल की आरपीएफ टीमों ने अचानक जांच अभियान चलाया। इस दौरान आसनसोल और पाकुड़ रेलवे स्टेशनों पर की गई कार्रवाई में 35 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 28,110 रुपये बताई गई है। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और बरामद शराब के साथ उसे संबंधित आबकारी विभाग को आगे की



कानूनी कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया।

## गोयनका दादी मंदिर कोलकाता में नवरात्र महोत्सव की गूंज, भक्तों की उमड़ी भीड़

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति द्वारा पार्वती घोष लेन स्थित गोयनका दादी मंदिर कोलकाता धाम में 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक होने वाले शारदीय नवरात्र उत्सव के अवसर पर गोयनका परिवार के अनेक श्रद्धालुओं ने दादी जी के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई। भजन प्रवाहक कमल गोयनका, पवन गोयनका, ज्योति खन्ना, निकिता शर्मा, रीना दास, कविता अग्रवाल और हर्षिता डीडवानिया के मधुर भजनों से भक्त भाव विभोर हो उठे। उत्सव के प्रथम दिन दादी भक्त मंजू सज्जन गोयनका द्वारा दादी का कीर्तन कराया गया और ध्वजा उत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। तृतीया का कीर्तन गोयनका महिला समिति एवं चतुर्थी का कीर्तन सौभाग्यशाली भक्त गोविंद राम जी गोयनका व उनके परिवार के द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर



श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति द्वारा दादी जी के अनन्य भक्त गोविंद राम जी गोयनका के 90 वर्ष की दीर्घ एवं प्रेरणादायक यात्रा तथा दादी मंदिर के प्रति अथाह प्रेम के लिए तिलक लगाकर तथा श्रीफल एवं दुशाला देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सुशील गोयनका, रामस्वरूप गोयनका, गिरधारी गोयनका, पवन गोयनका (अमरदीप), इंदर चंद गोयनका, ईश्वर चंद्र गोयनका, पवन गोयनका (लॉर्डस) विनोद गोयनका, सुभाष चंद्र गोयनका, कमल गोयनका, पवन गोयनका (पंचवटी), प्रमोद गोयनका, महेश गोयनका, प्रदीप कुमार गोयनका, श्रवण गोयनका, राम रतन गोयनका, पवन गोयनका (सोनू), शिवरतन गोयनका, विपुल गोयनका, अजय गोयनका, पवन बंसल, शोभा गोयनका, इंदु गोयनका, कुसुम गोयनका, प्रभा गोयनका, अंजू गोयनका, मोना गोयनका, सुशीला गोयनका, सीमा गोयनका(पंचवटी), सीमा गोयनका (अमरदीप), माया गोयनका, रेनू गोयनका (काकुड़गाछी), शीला गोयनका, रेनू गोयनका, विनीता गोयनका, आशा गोयनका, मोना गोयनका, अंजू गोयनका, शिखा गोयनका सहित गोयनका परिवार के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के सचिव सुभाष चंद्र गोयनका ने दी।

# बंगाल में सनातन धर्म की मान्यताओं को सरेआम कुचला जा रहा : सुधांशु त्रिवेदी

❑ **भाजपा ने दुर्गा पंडाल में काबा गीत को लेकर ममता की आलोचना की**

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** भाजपा ने पश्चिम बंगाल में एक दुर्गा पंडाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूदगी में काबा और मदीना के संदर्भ में एक गीत गाए जाने पर शनिवार को कड़ी आपत्ति जतायी और इसे हिंदू परंपराओं पर 'कट्टरपंथी और तुष्टिकरण की राजनीति की गहरी छाया' बताया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने हाल ही में बुकर पुरस्कार विजेता लेखिका



बानू मुश्ताक द्वारा मैसूरु में दशहरा उत्सव का उद्घाटन करने का मुद्दा भी उठाया और इसे कोलकाता के एक पंडाल में हुई घटना को जोड़ते हुए सवाल किया कि क्या यह सब सनातन धर्म के 'उन्मूलन' के 'इंडिया' गठबंधन के प्रयासों का हिस्सा है। त्रिवेदी ने मोदी सरकार द्वारा लाए गए वक्फ कानून के आलोचकों से सवाल किया कि क्या वे दुर्गा पंडाल में किसी अन्य धर्म का महिमामंडन करने वाले गीत के गायन को 'मधुर, धर्मनिरपेक्ष संगीत' मानते हैं, जिन्होंने वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में गैर-मुस्लिमों की मौजूदगी के प्रावधान पर आपत्ति जतायी है। भाजपा नेता ने कहा कि देश को यहां जारी गहरी साजिश के बारे में पता होना चाहिए, जिसके बारे में उन्होंने आरोप लगाया कि उसका उद्देश्य चरमपंथी वोट को खुश करना है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि किसी धर्म की प्रशंसा करना गलत नहीं है, लेकिन जब राज्य की मुख्यमंत्री की मौजूदगी में एक दुर्गा पंडाल में ऐसा किया जा रहा है, तो संदेह बढ़ता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अतीत में हिंदू परंपराओं पर निशाना साधा है। उन्होंने गांधी से और बनर्जी से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। त्रिवेदी ने दावा किया कि राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी संभावित हार के कारण हताशा में काम कर रही है और उसने एक दुर्गा पंडाल के आयोजकों को ऑपरेशन सिंदूर को रेखांकित करने से रोक दिया और उन्हें सरकारी अनुदान देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि टीएमसी द्वारा किया गया अपमान केवल भाजपा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हिंदू धर्म और संस्कृति तक फैला हुआ है।

## चतुर्थी की रात हुगली में सड़क हादसा, तीन की मौत व तीन घायल

**हुगली, समाज्ञा :** जिले में शुक्रवार की रात प्रतिमा लाते समय भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। मृतकों की पहचान भास्कर देवधारा (29), प्रीतम चक्रवर्ती (30) और स्वप्न दे (40) के रूप में हुई है। भास्कर का घर सुगंधा शंकरबाटी इलाके में है, जबकि अन्य दो मृतक चंदननगर काटापुकुर क्षेत्र के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, पोलबा के शंकरबाटी बारवारी के सदस्य मां दुर्गा की प्रतिमा लाने गए थे। प्रतिमा को एक अन्य वाहन में रखकर छह लोग गाड़ी से लौट रहे थे। चंदननगर रेल ओवरब्रिज से उतरते समय तेज रफ्तार गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखी ईंटों की दीवार से टकरा गई। गाड़ी में चालक समेत कुल छह लोग सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। चार घायलों को रक्तरंजित हालत में चंदननगर महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां एक और ने दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को एसएसकेएम अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि बाकी दो चंदननगर अस्पताल में भर्ती हैं। सूचना मिलते ही चंदननगर और पोलबा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने बताया कि गाड़ी बहुत तेज गति से आकर टकराई थी। घटनास्थल से शराब की बोतल भी बरामद हुई है। आशंका जताई जा रही है कि गाड़ी पर सवार लोगों ने शराब का सेवन किया था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## संतोष मित्रा स्क्वायर में लाइट व साउंड की व्यवस्था करने वाली संस्था को नोटिस

### पूजा आयोजक पार्षद सजल घोष ने बताया 'साजिश'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने महानगर के प्रसिद्ध दुर्गा पूजा आयोजक संतोष मित्रा स्क्वायर के पूजा पंडाल में रोशनी व साउंड की व्यवस्था करने वाली संस्था को नोटिस भेजा है। बता दें कि एक दिन पहले ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस पूजा पंडाल का उद्घाटन किया था। पुलिस ने पंडाल में प्रकाश व साउंड की व्यवस्था करने वाली राजस्थान की संस्था एके प्रोजेक्टिंग से लाइसेंस व वहां लेजर शो की अनुमति संबंधित दस्तावेज मांगे हैं। साथ ही, पूजा आयोजक के साथ समझौता पत्र, जीएसटी व ध्वनि नियंत्रण संबंधी दस्तावेज भी मांगे हैं। नोटिस मुचिपाड़ा थाने की ओर से भेजा गया है। नोटिस में हाई कोर्ट



और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशों का भी जिक्र है। सजल घोष ने इसे साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों पुलिस ने मेरे एक विज्ञापनदाता को तीन घंटे तक थाने में बिठाकर रखा। आज, जो लोग बाहर से आकर लाइट और साउंड का काम कर रहे हैं, उन्होंने लाइसेंस मांगते हुए पत्र भेजे हैं, लेकिन पुलिस ने हमें इजाजत दे दी। हम तय करेंगे कि क्या हमारे लिए इस तरह पूजा करना संभव है। अगर यही स्थिति रही, तो हम मंडप की लाइटें बंद कर देंगे। सजल घोष का कहना है कि जरूरत पड़ने पर पंडाल बंद कर दिया जाएगा। सजल घोष का कहना है कि कोलकाता पुलिस जानबूझकर 15 फीट सड़क को संकरा कर रही है और भगदड़ की स्थिति पैदा करने के लिए भीड़ को 4 फीट के रास्ते पर भेज रही है। भगदड़ की स्थिति बनने पर, कोलकाता पुलिस संतोष मित्रा स्क्वायर पूजा आयोजक को दोषी ठहराएगी। इसलिए उससे पहले, अगर जरूरत पड़ी तो हम संतोष मित्रा स्क्वायर में दुर्गापूजा बंद कर देंगे।

## रूट डायवर्जन से नहीं पहुंच पा रहे आगंतुक, विरोध में मोहम्मद अली पार्क पूजा पंडाल में लाइटिंग बंद




**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस द्वारा आगंतुकों को रूट डायवर्जन कराने के कारण मोहम्मद अली पार्क पूजा पंडाल में नहीं पहुंच पाने के कारण विरोध में पूजा समिति ने पूजा पंडाल का लाइट बंद कर दिया और बैरिकेडिंग कर दी है। मोहम्मद अली पार्क यूथ एसोसिएशन के अनुसार, सियालदह व अन्य विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले आगंतुकों को पुलिस नील माधव सेन लेन व अन्य पर डायवर्ट कर दे रही है, जिससे आगंतुकों को मोहम्मद अली पार्क पूजा पंडाल में नहीं पा रहे है। इसके साथ ही जिन जगहों पर डायवर्ट किया जा रहा है, कथित तर पर उन स्थानों पर लाइटिंग की व्यवस्था नहीं है या न के बराबर है। इसी के विरोध में समिति ने पूजा आगंतुक विहीन करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही पूजा समिति ने स्थानीय प्रशासन को इस संबंध में अवगत भी कराया है। उन्होंने कार्रवाई का आश्वसान दिया है। लेकिन, समिति के अनुसार, कथित प्रशासन कार्रवाई के इच्छुक नहीं है।

## सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बनी पूर्व सांसद दंपति की दुर्गापूजा

**हुगली :** आरामबाग नगरपालिका के 2 नंबर वार्ड स्थित रथ तला पारुल मिलन मंच में इस वर्ष भी भव्य दुर्गापूजा का आयोजन हुआ। शनिवार को कामारपुकुर महराज स्वामी लोकतानंद महाराज ने मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना और प्राण-प्रतिष्ठा कर पूजा की शुरुआत की। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पंडाल में उमड़ी और पूजा स्थल पर गहरी आस्था और उत्साह का वातावरण बना रहा। इस दुर्गापूजा का सभापतित्व पूर्व सांसद अपारूपा पोद्दार ने किया। उद्घाटन समारोह में नगरपालिका चेयरमैन समीर भंडारी, वाइस चेयरमैन ममता मुखर्जी, ब्लॉक सभापति शंभु बेरा, ब्राह्मण संगठन के राज्य संपादक सुमन बनर्जी और रिसड़ा नगरपालिका के पार्षद शाकिर अली समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि पिछले आठ वर्षों से अपारूपा पोद्दार और उनके पति शाकिर अली पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव से इस पूजा का आयोजन कर रहे हैं। मुस्लिम



समाज से जुड़े होने के बावजूद शाकिर अली हर वर्ष वैदिक मंत्रोच्चार और हिंदू रीति-रिवाजों के साथ मां दुर्गा की पूजा करते हैं। यह आयोजन सांप्रदायिक सौहार्द और हिंदू-मुस्लिम एकता का सशक्त उदाहरण बन गया है।

इस अवसर पर स्वामी लोकतानंद ने गरीबों में वस्त्र वितरित किए और कहा कि इंसान की सेवा ही सच्ची पूजा है। शाकिर अली ने भी संदेश दिया कि हिंदू और मुस्लिम मार्ग चाहे अलग हों, लेकिन सभी अंततः एक ही ईश्वर तक पहुंचते हैं। वहीं, अपारूपा पोद्दार ने इसे जनता से मिले स्नेह और आनंद का अवसर बताया। नगरपालिका चेयरमैन समीर भंडारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आज की जनता के लिए देवी दुर्गा का स्वरूप बताया। इस पूरे आयोजन में भक्ति, भाईचारे और सांप्रदायिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार - पूर्व रेलवे से महिलाओं के लिए संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मेडिकल विभाग ने 26 सितंबर को अपने सभी डिवीजन और वर्कशॉप्स में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान मनाया। सियालदह डिवीजन में महिला कर्मचारियों के लिए नेहाटी हेल्थ यूनिट में स्वास्थ्य वार्ता और जांच कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें पोषण, मासिक धर्म स्वच्छता, सर्वाइकल एवं स्तन कैंसर, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज और क्षय रोग की जानकारी दी गई। साथ ही आवश्यक सप्लीमेंट्स और सैनिटरी नैपकिन का वितरण भी किया गया। आसनसोल डिवीजन में ईस्टर्न रेलवे हाई स्कूल और पानागढ़ हेल्थ यूनिट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मालदह डिवीजन में मालदह डिविजनल रेलवे हॉस्पिटल



में क्षय रोग स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया गया, जिसमें 82 लोगों की चिकित्सीय जांच की गई। कांचरापाड़ा वर्कशॉप में एएनसी और मातृ-शिशु संरक्षण जागरूकता कैंप और ईएनटी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 44 लाभार्थियों को सेवा दी गई। लिलुआ वर्कशॉप में मासिक धर्म स्वच्छता और सर्वाइकल कैंसर, जीवनशैली रोग और मानसिक स्वास्थ्य पर तीन कैंप आयोजित किए गए, जिनमें 50 से अधिक लोगों को लाभ मिला। जमालपुर वर्कशॉप में रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 6 लोगों ने रक्तदान किया।

## सियालदह डिवीजन ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में जागरूकता की नई पहल की

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 2025 के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। जिसमें रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे इस अभियान की थीम है - देशभक्ति और राष्ट्र सेवा के साथ स्वच्छता। इस अभियान की प्रमुख झलकियों में विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छ भारत सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन शामिल रहा। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों और स्काउट्स एवं गाइड्स ने स्वच्छता और कचरा प्रबंधन का संदेश दिया। नेहाटी स्टेशन पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने स्वच्छता पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। इसके अलावा, कई स्टेशनों पर आयोजित क्विज प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों के स्वच्छता संबंधी ज्ञान की परीक्षा ली गई। साथ ही, यात्रियों को जागरूक करने के लिए क्लीनलीनेस, अवेयरनेस ड्राइव्स, विक्रेताओं के लिए संवेदनशीलता कार्यक्रम और अपशिष्ट निपटान व सिंगल-यूज प्लास्टिक के प्रयोग को हतोत्साहित करने के लिए कई गतिविधियां संचालित की गई।

## दुर्गा पूजा के रंग में रंगा महानगर, पंचमी से ही सड़कों पर लोगों का महारेला

**कोलकाता :** हमेश उत्सव मनाने के लिए तैयार महानगर कोलकाता की सड़कों पर शाम को भीड़ दिखने लगी जो कि रात बढ़ते ही तेजी के साथ भड़ रही थी। हालात तो ऐसे रहे कि महा-चतुर्थी को ही महासप्तमी की भीड़ देखी गई। दुर्गा पूजा के रंग में रंगे महानगर कोलकाता में उत्सव प्रेमी भीड़ का जैसे कब्जा हो गया था। जहां देखों वहां लोगों की उत्साही भीड़ दुर्गा पूजा मंडपों की ओर जाती दिखी। धर्मतल्ला, पार्क स्ट्रीट, कालीघाट, श्याम बाजार, दमदम, बेहाला, न्यू अलीपुर सहित महानगर कोलकाता के विभिन्न रास्ता घाटो पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सड़कों पर पुलिस सहित स्वंयसेवी कर्मियों को व्यवस्था को सम्भालने में पसीने छुट रहे थे। मेट्रों स्टेशनों में भी भारी भड़ी दिखी। वैसे महा पंचमी के दिन सुबह 10 बजे से ही दर्शनार्थियों की भीड़ दिखने लगी। दोपहर के दौरान भीड़ रेला में बदलती



दिखी तो शाम के बाद भीड़ विभिन्न पूजा मंडपों में भीड़ का महा रेला उमड़ पड़ा। दक्षिण कोलकाता की बात हो या फिर उत्तर कोलकाता की। हर जगह भीड़ का रेला इस दिन व्यापक अंदाज मे जम गया था। मध्य कोलकाता की बात करे तो सेंट्रल एवेंन्यू हो या फिर बेहाला और दमदम जैसे इलाका यहां सबसे ज्यादा भीड़ का रेला देखा गया। आज महापंचमी पर जिस तरह से दुर्गा पूजा मंडपों में लोगों की भीड़ उमड़ी आमतौर पर ऐसी भीड़ विगत वर्षों में महा सप्तमी से देखी जाती थी। इस दिन देर शाम संतोष मित्रा, श्रीभूमि, सुरुचि संघ, बदामतला, मो. अली पार्क, अहिरीटोला, कुम्हारटोली, भवानीपुर के कई पूजा पंडालों में हजारों की संख्या में दर्शनार्थी पंडाल भ्रमण के लिए पहुंच गए थे। मंत्री सुजीत बसु के पूजा स्थल के रूप में प्रसिद्ध वीआईपी रोड स्थित श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब के मंडप में दोपहर से ही लोगों की चहल-पहल थी। श्रीभूमि के मंडप और मूर्तियों को देखने के बाद, ज्यादतर लोग दमदम पार्क की ओर निकल पड़े। काफी संख्या में यहां से श्रद्धालु हाथीबागान की ओर निकल पड़े। वहीं कफी लोग उल्टाडांगा स्टेशन से ट्रेन पकड़कर सियालदह पहुंचे। वहां उन्होंने संतोष मित्रा स्क्वायर स्थित पूजा मंडप में में समय बिताया। उसके बाद, वे लोग बालीगंज की ओर दौड़ पड़े। सिंघी पार्क, एकडालिया एवरग्रीन देशप्रिय पार्क और त्रिधारा सम्मेलनी होते हुए दर्शनार्थी दक्षिण का रुख कर रहे थे। वैसे महानगर के चप्पे चप्पे पर पुलिस की हर सम्भावित सुरक्षा व्यवस्था को अंजाम दिने की कोशिश भी नजर आयी। पुलिस, दुर्गा आयोजकों और स्वंय सेवी संस्थाओं के अनुसार इस दिन देर शाम को नामचीन पूजा मंडपों में भीड़ बढ़ती रही। बहरहाल महानगर कोलकाता में लाखों की संख्या में उमड़ने वाले दर्शनार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मेट्रो रेलवे की अतिरिक्त सेवा शुरू हो गई है। लेकिन इसके बाद भी मेट्रों में भीड़ का रेला इस कदर देखा गया कि माइकों से उद्घोषणा कर भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश भी की जा रही थी। महानगर के दुर्गा पूजा मंडपों के पास खानपान को स्टाल भी व्यापक संख्या में लगे दिखे जहां लोगों को जमकर पेट पूजा भी करते देखा गया। मेट्रो स्टेशनों के पास भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ायी गयी है। सभी मेट्रो स्टेशनों और बड़े शॉपिंग मॉल तथा हावड़ा, सियालदह और कोलकाता स्टेशन की सुरक्षा बड़े पैमाने पर बढ़ाई गई है। इन व्यवस्थाओं के अलावा राज्य सचिवालय नवान्न में कंट्रोल रूम भी काम कर रहा है।

## बीएसएफ ने 1.29 करोड़ के सोने की बिस्कुट के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की दक्षिण बंगाल सीमांत की 143वीं वाहिनी ने सोने की एक बड़ी तस्करी को नाकाम कर दिया। जवानों ने तराली-1 सीमा चौकी क्षेत्र में 20 सोने के बिस्कुट के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। जब्त सोने का कुल वजन 1116.27 ग्राम है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1.29 करोड़ बताई गई है। घटना 26 सितम्बर को हकिमपुर चेक पोस्ट पर हुई। खुफिया सूचना मिलने के बाद



बीएसएफ ने इलाके में विशेष सतर्कता बरती और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। सुबह करीब 9 बजे, हकिमपुर बाजार से स्वरूपदाह की ओर जा रही एक मोटरसाइकिल को रोककर जांच की गई। तलाशी के दौरान वाहन के बीच वाले हिस्से से 10 पैकेट मिले, जिनमें से 20 सोने के बिस्कुट बरामद हुए। जवानों ने मौके पर ही तस्कर को हिरासत में ले लिया और आगे की कार्रवाई के लिए सीमाचौकी हाकिमपुर लाया। प्राथमिक पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि सोना सीमा पार से लाया गया था। अब मामले की गहन जांच की जा रही है ताकि तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों का पता लगाया जा सके। बीएसएफ ने आरोपित और बरामद सोने को कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित एजेंसियों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्र.: सीनियर डी.ई.ई. (आर.एस.&जी.) बी.एस.पी./ओ.टी.पी./25-26-23 Dtd: 23.09.2025**
**कार्य का नाम:** बिलासपुर रेलवे सेटलमेंट में एरियल बंच/अंडरग्राउंड केबल्स की व्यवस्था के साथ LT/HT वितरण प्रणाली का सुधार, **निविदा मूल्य:** ₹ 50,675,050.70, **अमानत राशि:** ₹ 4,03,400/-, **निविदा बंद होने की तिथि व समय:** दिनांक 24.10.2025, 15:00 Hrs. बजे। विस्तृत जानकारी /निविदा दस्तावेज का विक्रय पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते है।
**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (आर. एस. एवं सामान्य)**
**CPR/10/PR/343 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर**
South East Central Railway @secrail

## महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पति और बेटा गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के तारकेश्वर थाना अंतर्गत तालपुर पंचायत के नस्करपुर में तनुश्री सामंत (45) की मौत के मामले में अमृत महिला के पति और बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार किया



है। उन पर महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। मृत महिला के मायके वालों का आरोप है कि तनुश्री देवी को लगातार प्रताड़ित किया गया और आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया गया। जानकारी के अनुसार, 15 अगस्त की सुबह करीब 9 बजे तनुश्री देवी ने अत्याचार सहन न कर जहर खा लिया। पहले उन्हें तारकेश्वर ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में हालत बिगड़ने पर उन्हें आरामबाग अस्पताल स्थानांतरित किया गया, जहां 16 अगस्त को उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही गुड़ाप से उनके मायके वाले मौके पर पहुंचे। तनुश्री देवी के परिवार ने तारकेश्वर थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए उनके पति और बेटे पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया। शिकायत दर्ज होने के बाद दोनों फरार हो गए थे। लंबे समय तक छिपे रहने के बाद शनिवार तड़के पुलिस ने जमालपुर से उनके पति और बेटे को गिरफ्तार कर लिया।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे/कोलकाता, चौथी मंजिल, 14 स्ट्रैंड रोड, एनकेजी, कोलकाता-700001 द्वारा पूर्व प्रकाशित निविदा सं. ईपीसी-01-सीएओ-सी-ईआर-2025 : सिंगल स्टेज - दो पैकेट प्रणाली में खुली ईपीसी ई-टेंडर, दिनांक: 26.09.2025 के लिए शुद्धिपत्र। ऊपरोक्त निविदा में, "ऊपर उल्लेखित कार्य के संबंध में ऊपरोक्त निविदा के बंद होने की तारीख एतद्द्वारा 17.10.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से आगे बढ़ा कर 03.11.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक कर दी गई है"।
(CON-42/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल बने हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश

**कोलकाता, समाज्ञा**

केंद्र सरकार ने न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल को कलकत्ता हाई कोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने की अधिसूचना जारी की है। यह नियुक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 223 के तहत की गई है। न्याय मंत्रालय द्वारा शुक्रवार की शाम जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रपति ने कलकत्ता हाई कोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश न्यायमूर्ति पॉल को नियमित नियुक्ति होने तक मुख्य न्यायाधीश के दायित्व संभालने के लिए अधिकृत किया है। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में न्यायमूर्ति सौमेन सेन को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवगणनम के सेवानिवृत्त होने के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। न्यायमूर्ति शिवगणनम ने दो से अधिक वर्षों का कार्यकाल पूरा किया था। इसके बाद, सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने न्यायमूर्ति सेन को मेघालय हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाए जाने की अनुशंसा की थी, जिसे अब केंद्र सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है।

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. : टीआरएस/एचडब्ल्यूएच/10/ओटी/118सी, दिनांक 26.09.2025; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस), पूर्व रेलवे, बामनगाछी, हावड़ा-711106 द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा प्रपत्र के जरिए निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **कार्य का विवरण:** इलेक्ट्रिक लोको शेड, हावड़ा में डब्ल्यूएपी-7 रेल इंजनों की को-को हाई एडहेसन बोगियों की ओवरहॉलिंग। **अनुमानित लागत:** रु. 1,35,12,106.25; **बोली सुरक्षा:** रु. 2,17,600; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य; **समापन अवधि:** 24 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 30.10.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इच्छुक/पात्र फर्मो से ऊपरोक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। संशोधन, यदि कोई हो, उल्लेखित वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
(HWH-322/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आगामी कोहरे के मौसम के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

आगामी कोहरे के मौसम से निपटने के लिए, निम्नलिखित मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें निम्नानुसार **पूर्ण रूप से रद्द** रहेंगी/**आंशिक रूप से रद्द** रहेंगी या **कम यातायात संख्या** के साथ चलेंगी:

**पूर्ण रूप से रद्द**

| क्र. सं. | ट्रेन नं. एवं नाम | रद्द होने की तिथि (यात्रा शुरू होने की तिथि) | ट्रिप की सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | **12327** हावड़ा - देहरादून उपासना एक्सप्रेस | **दिसंबर 25** - 2, 5, 9, 12, 16, 19, 23, 26 और 30<br>**जनवरी 26** - 2, 6, 9, 13, 16, 20, 23, 27 और 30<br>**फरवरी 26** - 3, 6, 10, 13, 17, 20, 24 और 27 | 26 |
| 2 | **12328** देहरादून - हावड़ा उपासना एक्सप्रेस | **दिसंबर 25** - 3, 6, 10, 13, 17, 20, 24, 27 और 31<br>**जनवरी 26** - 3, 7, 10, 14, 17, 21, 24, 28 और 31<br>**फरवरी 26** - 4, 7, 11, 14, 18, 21, 25 और 28 | 26 |
| 3 | **22198** वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - कोलकाता प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस | **दिसंबर 25** - 5, 12, 19 और 26<br>**जनवरी 26** - 2, 9, 16, 23 और 30<br>**फरवरी 26** - 6, 13, 20 और 27 | 13 |
| 4 | **22197** कोलकाता - वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस | **दिसंबर 25** - 7, 14, 21 और 28<br>**जनवरी 26** - 4, 11, 18 और 25<br>**फरवरी 26** - 1, 8, 15 और 22 एवं **मार्च 26** - 1 | 13 |
| 5 | **15620** कामाख्या - गया साप्ताहिक एक्सप्रेस | **दिसंबर 25** - 1, 8, 15, 22 और 29<br>**जनवरी 26** - 5, 12, 19 और 26<br>**फरवरी 26** - 2, 9, 16 और 23 | 13 |
| 6 | **15619** गया - कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस | **दिसंबर 25** - 2, 9, 16, 23 और 30<br>**जनवरी 26** - 6, 13, 20 और 27<br>**फरवरी 26** - 3, 10, 17 और 24 | 13 |

**यातायात संख्या में कमी**

| क्र. सं. | ट्रेन नं. एवं नाम | शुरुआती स्टेशन से रद्द किए जाने के दिन | रद्द होने की तिथि (यात्रा शुरू होने की तिथि) | ट्रिप की सं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **13019** हावड़ा - काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस | केवल रविवार को | **दिसंबर 25** - 7, 14, 21 और 28, **जनवरी 26** - 4, 11, 18 और 25, **फरवरी 26** - 1, 8, 15 और 22 | 12 |
| 2 | **13020** काठगोदाम -हावड़ा बाघ एक्सप्रेस | केवल मंगलवार को | **दिसंबर 25** - 9, 16, 23 और 30, **जनवरी 26** - 6, 13, 20 और 27, **फरवरी 26** - 3, 10, 17 और 24 | 12 |
| 3 | **12317** कोलकाता-अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस | केवल रविवार को | **दिसंबर 25** - 7, 14, 21 और 28, **जनवरी 26** - 4, 11, 18 और 25, **फरवरी 26** - 1, 8, 15 और 22 | 12 |
| 4 | **12318** अमृतसर - कोलकाता अकाल तख्त एक्सप्रेस | केवल मंगलवार को | **दिसंबर 25** - 9, 16, 23 और 30, **जनवरी 26** - 6, 13, 20 और 27, **फरवरी 26** - 3, 10, 17 और 24 | 12 |
| 5 | **12357** कोलकाता-अमृतसर दुर्गियाना सुपरफास्ट एक्सप्रेस | केवल शनिवार को | **दिसंबर 25** - 6, 13, 20 और 27, **जनवरी 26** - 3, 10, 17, 24 और 31, **फरवरी 26** - 7, 14, 21 और 28 | 13 |
| 6 | **12358** अमृतसर - कोलकाता दुर्गियाना सुपरफास्ट एक्सप्रेस | केवल सोमवार को | **दिसंबर 25** - 8, 15, 22 और 29, **जनवरी 26** - 5, 12, 19 और 26, **फरवरी 26** - 2, 9, 16 और 23, **मार्च 26** - 2 | 13 |
| 7 | **12988** अजमेर - सियालदह सुपरफास्ट एक्सप्रेस | केवल मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को | **दिसंबर 25** - 2, 4, 6, 9, 11, 13, 16, 18, 20, 23, 25, 27 और 30, **जनवरी 26** - 1, 3, 6, 8, 10, 13, 15, 17, 20, 22, 24, 27, 29 और 31, **फरवरी 26** - 3, 5, 7, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26 और 28 | 39 |
| 8 | **12987** सियालदह - अजमेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस | केवल बुधवार, शुक्रवार और रविवार को | **दिसंबर 25** - 3, 5, 7, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28 और 31, **जनवरी 26** - 2, 4, 7, 9, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28 और 30, **फरवरी 26** - 1, 4, 6, 8, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25 और 27, **मार्च 26** - 1 | 39 |

**आंशिक रूप से रद्द**

| क्र. सं. | ट्रेन नं. एवं नाम | जिन स्टेशनों के बीच रद्द | रद्द होने की तिथि (शुरुआती स्टेशन से यात्रा शुरू होने की तिथि) | ट्रिप की सं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **12178** मथुरा - हावड़ा चंबल एक्सप्रेस | मथुरा और आगरा | **दिसंबर 25** - 1, 8, 15, 22 और 29, **जनवरी 26** - 5, 12, 19 और 26, **फरवरी 26** - 2, 9, 16 और 23 | 13 |
| 2 | **12177** हावड़ा - मथुरा चंबल एक्सप्रेस | आगरा और मथुरा | **दिसंबर 25** - 5, 12, 19 और 26, **जनवरी 26** - 2, 9, 16, 23 और 30, **फरवरी 26** - 6, 13, 20 और 27 | 13 |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड में अपनी दादी की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**दुमका (झारखंड) :** झारखंड के दुमका जिले में अपनी दादी की हत्या में शामिल होने के आरोप में 23 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना शिकारीपाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंझलाडीह गांव के करामटोला में शुक्रवार सुबह हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान होपोंटा हेम्ब्रम उर्फ जल्पा हेम्ब्रम के रूप में हुई है, जो मृतक का पोता है। करामटोला क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला की हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और सुमिधन हांसदा (63) का शव बरामद किया।

### राजस्थान में कुछ जगहों पर हल्की बारिश होने की संभावना

**जयपुर :** राजस्थान में कुछ जगहों पर अगले कुछ दिनों के दौरान हल्की बारिश हो सकती है। मौसम केंद्र (जयपुर) ने यह जानकारी दी। केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान राजस्थान में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा और दक्षिण-पश्चिम मानसून शुक्रवार को राज्य से पूरी तरह से विदा हो गया। इसके मुताबिक मानसून की वापसी रेखा शनिवार को वेरावल, भरूच, उज्जैन, झांसी, शाहजहांपुर से होकर गुजर रही है। दक्षिण तटीय ओडिशा पर बने दबाव क्षेत्र के दक्षिण ओडिशा और छत्तीसगढ़ होते हुए लगभग पश्चिम की ओर बढ़ने और अगले 24 घंटों के दौरान धीरे-धीरे एक सुस्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र में कमजोर होने की संभावना है।

### झारखंड: धनबाद में खनन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी को मारी गोली

**धनबाद :** झारखंड के धनबाद जिले में शनिवार को एक निजी खनन कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी को गोली मार दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के मूनीडीह कोलियरी क्षेत्र में संचालित इंदु प्रोजेक्ट्स के उपाध्यक्ष गोपाल रेड्डी को जांघ में गोली लगी। पुलिस के मुताबिक, घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे मूनीडीह थानाक्षेत्र में काली मंदिर के पास हुई। पुलिस उपाधीक्षक नौशाद आलम ने बताया, उन्हें (गोपाल रेड्डी को) एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और चिकित्सकों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और हथियारबंद लोगों की पहचान के लिए आस-पास की दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# 'आई लव मोहम्मद' विवाद: बरेली के बाद बाराबंकी और मऊ में भी तनाव, पुलिस का कड़ा पहरा

**बरेली/बाराबंकी/मऊ/वाराणसी :** बरेली में 'आई लव मोहम्मद' अभियान को लेकर शुरू हुए विवाद के बाद बाराबंकी और मऊ जिलों में भी तनाव बढ़ गया है, ऐसे में पुलिस ने सख्त रवैया अपनाते हुए भारी सुरक्षा बल तैनात किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि बरेली और वाराणसी में माहौल बिगाड़ने के आरोप में आठ-आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को दावा किया कि स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। बरेली के जिलाधिकारी अवनीश सिंह ने शनिवार को बताया कि बरेली में स्थिति सामान्य है और स्कूल-कॉलेज एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले हुए हैं। पुलिस के अनुसार, अब




तक बरेली के विभिन्न थानों में कुल छह मामले दर्ज किए गए हैं। बरेली के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी के अनुसार, पुलिस और खुफिया विभाग की जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि यह बवाल अचानक नहीं भड़का, बल्कि यह एक "पूर्व नियोजित साजिश" थी। पुलिस का कहना है कि खुफिया रिपोर्ट और वीडियो फुटेज के आधार पर कुछ स्थानीय नेताओं के नाम भी सामने आए हैं।

साहनी ने कहा कि बरेली के अमन-चैन को बिगाड़ने वालों को जेल भेजा जाएगा और उनके खिलाफ गुंडा अधिनियम, गैंगस्टर अधिनियम और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार देर शाम बवाल थमने के बाद भी अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) रमित शर्मा, डीआईजी साहनी, एसएसपी अनुराग

### बरेली हिंसा के सिलसिले में मौलाना तौकीर रजा समेत 39 लोग गिरफ्तार

**बरेली :** इत्तेहाद-ए-मिल्लत परिषद के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान समेत 39 लोगों को शुक्रवार को नमाज़ के बाद हुई हिंसक झड़पों के सिलसिले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार से अगले 48 घंटों के लिए बरेली में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है तथा फेसबुक, व्हाट्सएप और यूट्यूब पर संदेश भेजे नहीं जा सकेंगे। शनिवार को बरेली के जिलाधिकारी (डीएम) अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने संयुक्त प्रेसवार्ता में बताया कि बरेली में बवाल के मुख्य साजिशकर्ता मौलाना तौकीर रजा समेत आठ उपद्रवियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## नीतीश कुमार कुछ मौकों पर केवल लालू प्रसाद की मदद से ही अपनी कुर्सी बचा पाए : तेजस्वी

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह कुछ मौकों पर केवल उनके पिता लालू प्रसाद की मदद से ही अपनी कुर्सी बचा पाए थे।



पूर्व उपमुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता तेजस्वी ने खगड़िया जिले में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) कार्यकर्ताओं की हालिया बैठक का एक वीडियो क्लिप चलाया, जिसमें जनता दल यूनाइटेड (जदयू) अध्यक्ष कुमार को राजद सुप्रीमो के बारे में यह कहते सुना गया कि "उन्हें (लालू को) इस्तीफा देना पड़ा तो उन्होंने अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया"। उन्होंने आपत्ति जताई कि इस दौरान नीतीश कुमार ने मेरे पिता के लिए अपशब्द भी कहे। तेजस्वी ने कहा, "मेरे पिता उनसे (नीतीश से) बड़े हैं। उन्हें बड़े भाई मानते हैं और इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल करते हैं।" तेजस्वी ने राजद-जदयू के बीच हुए दो अस्थायी गठबंधनों का जिक्र करते हुए कहा, "आखिर नीतीश कुमार को मेरे पिता से क्या नाराजगी है? वह कुछ मौकों पर केवल मेरे पिता की मदद से ही अपनी कुर्सी बचा पाए।"

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बरसाना पहुंचे, राधारानी के दर्शन किए

**मथुरा (उप्र) :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार को दिल्ली से बरसाना पहुंचे जहां उन्होंने राधारानी के दर्शन किए और माताजी गौशाला में प्रसिद्ध रामकथा वाचक संत मोरारी बापू द्वारा कही जा रही रामकथा का आनन्द लिया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। लोकसभा अध्यक्ष सुबह करीब 10 बजे दिल्ली से सड़क मार्ग से मथुरा के बरसाना कस्बे में पहुंचे। वह सर्वप्रथम ब्रह्मांचल पर्वत स्थित लाडिली जी (राधारानी) के मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने श्रद्धापूर्वक राधरानी के दर्शन कर सेवायत के हाथों प्रसाद रूप में चुनरी प्राप्त की। तत्पश्चात वह माताजी गौशाला में पाण्डाल में आयोजित श्री रामकथा का कई घण्टे श्रवण किया।

## ऐसा सबक सिखाएंगे कि आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएगी: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक दिन पहले बरेली में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच हुई झड़प को लेकर कड़ा रुख अख्तार करते हुए शनिवार को कहा कि "(दंगाइयों को) ऐसा सबक सिखाएंगे कि आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएगी।" एक मीडिया संस्थान के "विकसित उत्तर प्रदेश विजन-2024" कार्यक्रम में बरेली मामले को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सख्त संदेश दिया है कि कानून-व्यवस्था में खलल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में बिना किसी का नाम लिए कहा, "कल आपने बरेली के



अंदर देखा होगा... वो मौलाना भूल गया कि शासन किसका है, उसने सोचा कि धमकी देंगे और जाम कर देंगे, मैंने कहा जाम नहीं होगा, कर्फ्यू नहीं लगेगा... सबक तुम्हें ऐसा सिखा देंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएगी।" योगी की यह चेतावनी इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलवी तौकीर रजा खान की तरफ प्रतीत हो रही है, जिन्होंने शुरुआत में "आई लव मोहम्मद" अभियान के समर्थन में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद एक मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने पुष्टि की थी कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 लागू है, जिसके तहत किसी भी मार्च या प्रदर्शन के लिए लिखित अनुमति आवश्यक है।

### एक मालवाहक वाहन की टक्कर से ऑटो सवार मां-बेटे की मृत्यु, छह घायल

**कौशांबी (उप्र) :** कौशांबी जिले के महेवा घाट थाना क्षेत्र में शनिवार को श्रद्धालुओं से भरी ऑटो में 'पिकअप (मालवाहक वाहन)' ने टक्कर मार दी जिससे एक महिला एवं उसके बेटे की मौत हो गई और अन्य छह लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी कौशांबी जे पी पांडे ने बताया कि आज दोपहर चित्रकूट के राजापुर स्थित हनुमान मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ऑटो को बैरमपुर महेवा घाट मार्ग पर एक तेज रफ्तार 'पिकअप' ने टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में माया देवी साहू (40) और उसके बेटे अरुण साहू (17) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटो में सवार अन्य छह लोग घायल हो गए।

### प्रयागराज में झगड़े के दौरान ईंट की चोट से हिस्ट्रीशीटर मृत्यु

**प्रयागराज (उप्र) :** प्रयागराज में जॉर्ज टाउन थानाक्षेत्र के अल्लापुर में दो गुटों में झगड़े के दौरान एक 'हिस्ट्रीशीटर' की मौत गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (नगर) मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि शुक्रवार देर रात अल्लापुर मोहल्ले में शराब के नशे में दो गुटों के बीच झगड़े में हिस्ट्रीशीटर साजन मेहतर (35) की सिर में चोट लगने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल युवक को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृत साजन मेहतर के खिलाफ हत्या, लूट जैसे संगीन अपराध के 21 अभियोग पंजीकृत हैं।

### भदोही में किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**भदोही (उप्र) :** भदोही से 16 साल की किशोरी का कथित रूप से अपहरण कर उसके साथ छह महीना तक दुष्कर्म करने के एक मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया एवं लड़की को सकुशल बरामद किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। शहर कोतवाली निरीक्षक सच्चिदानंद पांडेय ने बताया कि मोढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गत 25 मार्च को एक प्राथमिकी दर्ज कर आरोप लगाया था कि उसकी 16 साल की बेटी 22 मार्च की दोपहर से गायब हुई। पांडेय के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि बेटी की तीन दिनों तक खोजबीन के दौरान पता चला कि पिपरीस पकरहता गांव का आशीष कुमार सरोज (21) उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

## विश्व पर्यटन दिवस पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग में राज्य में कई कार्यक्रम आयोजित किये

**लखनऊ/आगरा :** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने शनिवार को विश्व पर्यटन दिवस 2025 के अवसर पर राज्य में 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' के वैश्विक ध्येयवाक्य पर आधारित कई कार्यक्रम आयोजित किये। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्य समारोह आगरा में आयोजित किया गया, जहां पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने उन्नत क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय का उद्घाटन किया तथा पर्यावरण, विरासत और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए छात्र समूहों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिंह ने कहा, "पर्यटन उत्तर प्रदेश की विकास गाथा का केंद्र है। विश्व पर्यटन दिवस पर, जब हम सतत परिवर्तन के ध्येयवाक्य को अपना रहे



हैं तब हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है - पर्यटन को समावेशी, समुदाय-संचालित और पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी बनाना। हर नई पहल हमें विकसित भारत के सपने को साकार करने के करीब लाती है, जिसमें उत्तर प्रदेश एक अग्रणी वैश्विक गंतव्य होगा।" आगरा समारोह में होटल व्यवसायियों, 'टूर ऑपरेटर' और सांस्कृतिक प्रतिनिधियों के साथ सतत प्रथाओं पर बातचीत भी हुई। कार्यक्रम का समापन एक सामुदायिक भोज के साथ हुआ, जिसमें अधिकारियों, उद्योग के हितधारकों और प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### बलिया में मानसिक रूप से कमजोर बालक से कुकर्म करने के दोषी बुजुर्ग को 25 वर्ष कारावास

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले की एक स्थानीय अदालत ने मानसिक रूप से कमजोर एक बालक से नमकीन, टॉफी और रुपये का लालच देकर कुकृत्य करने के दो साल पुराने मामले में एक बुजुर्ग को दोषी ठहराते हुए 25 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने बताया कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के मामलों की सुनवाई करने वाले विशेष न्यायाधीश प्रथमकांत की अदालत ने शुक्रवार को अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद आरोपी सुरेंद्र गुप्ता (60) को दोषी करार देते हुए 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## राहुल और लालू घुसपैठियों को मतदान का अधिकार दिलाना चाहते हैं : अमित शाह

**पटना/अररिया :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद पर "घुसपैठियों को मतदान का अधिकार दिलाने" की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बिहार की प्रगति और जंगल राज रोकने के लिए है। अररिया जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की दो-तिहाई बहुमत से वापसी होने पर "एक-एक घुसपैठिये को बिहार से बाहर निकाल दिया जाएगा।" उन्होंने



कहा, "राहुल गांधी ने हाल में यहां एक यात्रा निकाली। इसका उद्देश्य था निर्वाचन आयोग की विशेष गहन मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया का विरोध करना। आयोग मतदाता सूची से घुसपैठियों के नाम हटाना चाहता है।" शाह का इशारा "वोटर अधिकार यात्रा" की ओर था, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी और प्रसाद के पुत्र और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी समझे जाने तेजस्वी यादव ने 25 जिलों में 1,300 किलोमीटर की यात्रा की थी।

# विदेश की खबरें

## लाहौर उच्च न्यायालय में भगत सिंह की 118वीं जयंती मनाई गई

**लाहौर :** भारतीय स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की 118वीं जयंती शनिवार को पाकिस्तान के लाहौर उच्च न्यायालय में मनाई गई और उन्हें दोनों देशों के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने की मांग की गई। भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर, 1907 को अविभाजित भारत के बंगा गांव (अब पाकिस्तान) में हुआ था। लाहौर से लगभग 130 किलोमीटर पश्चिम में स्थित इस स्थान को अब फैसलाबाद के नाम से जाना जाता है। भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष इम्तियाज रशीद कुरैशी ने उच्च न्यायालय के अन्य वकीलों के साथ लाहौर उच्च न्यायालय के परिसर में केक काटा और शांति के नारे लगाए। कुरैशी ने भगत सिंह की तस्वीर वाली शर्ट पहनी थी।

## शुल्क संबंधी अस्थिरता के बीच ब्रिक्स को बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की रक्षा करनी चाहिए: जयशंकर

**न्यूयॉर्क :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बढ़ते संरक्षणवाद और शुल्क संबंधी अस्थिरता के बीच संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र से इतर ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक में बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की रक्षा करने का आह्वान किया है। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, "ऐसे समय में जब बहुपक्षवाद दबाव में है, ब्रिक्स रचनात्मक बदलाव की मजबूत आवाज बनकर खड़ा है।" उन्होंने कहा, एक अशांत विश्व में, ब्रिक्स को शांति स्थापना, संवाद, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन के संदेश को फैलाना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा, बढ़ते संरक्षणवाद, शुल्क संबंधी अस्थिरता और गैर-शुल्क बाधाओं के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है, इसलिए ब्रिक्स को बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली



की रक्षा करनी चाहिए। अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के कुछ सप्ताह बाद जयशंकर ने यह टिप्पणी की। इसमें से 25 प्रतिशत शुल्क रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त जुर्माने के तौर पर लगाया गया है। विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख अंगों, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार का भी आह्वान किया।

## गाजा में हवाई हमलों में 44 लोगों की मौत, इजराइल ने संघर्ष विराम की मांग को नजरंदाज किया

**दीर अल-बलाह :** गाजा में इजराइली हमलों में कम से कम 44 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी शनिवार को दी। इजराइल पर संघर्ष विराम का अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है, हालांकि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्ध जारी रखने पर अड़े हुए हैं। अल-अवदा अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, मृतकों में नुसेरात शरणार्थी शिविर के एक घर में रह रहे एक ही परिवार के नौ लोग शामिल हैं। शव अल-अवदा अस्पताल लाए गए थे। नासिर अस्पताल अनुसार, विस्थापितों के लिए बने एक तंबू पर हुए हमले में पांच अन्य लोग मारे गए। इजराइल की सेना ने कहा कि उसे दक्षिणी गाजा में शनिवार को गोलीबारी में



किसी के मारे जाने की जानकारी नहीं है तथा उसने हवाई हमलों के बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। गाजा शहर के शिफा अस्पताल के निदेशक ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि वहां की चिकित्सा टीम इस बात को लेकर चिंतित है कि इजराइली टैंक अस्पताल के आसपास पहुंच रहे हैं, जिससे उस अस्पताल तक पहुंच बाधित हो रही है, जहां 159 मरीज़ों का इलाज किया जा रहा है।

### स्कूली छात्रा से बलात्कार के बाद बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन, अर्धसैनिक बल तैनात

**ढाका :** दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश के खगराचारी जिले में आठवीं कक्षा की छात्रा से कथित सामूहिक बलात्कार की घटना के खिलाफ शनिवार को जनजातीय समुदायों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया, जिसके बाद अधिकारियों ने लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया। प्रदर्शनकारियों में ज्यादातर चकमा जनजाति के लोग शामिल थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने "जुमा छात्र-जनता" बैनर तले टायर जलाकर और पेड़ के तनों व ईंटों से अवरोधक खड़े कर जिले के प्रवेश व आंतरिक मार्गों पर यातायात रोक दिया।

### 'जेन जेड' के विरोध-प्रदर्शन के दौरान गोली चलाने का आदेश नहीं दिया: नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ओली

**काठमांडू :** नेपाल के अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने 'जेन जेड' समूह के सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश देने के आरोपों को शनिवार को खारिज किया। ओली ने भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध को लेकर सरकार के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन के बीच नौ सितंबर को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में यह बात कही। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के अध्यक्ष ओली ने भक्तपुर जिले के गुंडू क्षेत्र में अपने निजी आवास पर पार्टी के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, मैंने आंदोलन के दौरान 'जेन जेड' प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश नहीं दिया।

### ट्रंप ने न्यायालय से जन्मजात नागरिकता पर लगाए गए प्रतिबंधों को बरकरार रखने का अनुरोध किया

**वाशिंगटन :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन उच्चतम न्यायालय से अनुरोध कर रहा है कि वह उनके जन्मजात नागरिकता संबंधी उस आदेश को बरकरार रखे, जिसमें कहा गया है कि अवैध रूप से या अस्थायी रूप से अमेरिका में रहने वाले माता-पिता से पैदा हुए बच्चे अमेरिकी नागरिक नहीं हैं। इस अपील से उच्च न्यायालय में एक प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसके तहत न्यायाधीश गर्मियों की शुरुआत तक इस बारे में एक निश्चित निर्णय दे सकते हैं कि नागरिकता संबंधी प्रतिबंध संवैधानिक हैं या नहीं। यह अपील एसोसिएटेड प्रेस के साथ शनिवार को साझा की गई। निचली अदालतों के न्यायाधीशों ने अब तक इन्हें कहीं भी लागू होने से रोक रखा है। रिपब्लिकन प्रशासन अदालत से यह नहीं कह रहा है कि वह अपना फैसला सुनाने से पहले इन प्रतिबंधों को लागू होने दे।

## हमारे देश के खिलाफ किसी भी आक्रमण का करारा जवाब दिया जाएगा: रूसी विदेश मंत्री लावरोव

**संयुक्त राष्ट्र :** रूस के विदेश मंत्री सेर्गेई लावरोव ने शनिवार को विश्व के नेताओं से कहा कि उनके देश का यूरोप पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन उनके देश (रूस) के खिलाफ किसी भी आक्रमण का करारा जवाब दिया जाएगा। लावरोव ने यह बात ऐसे समय कही जब नाटो के हवाई क्षेत्र में अनधिकृत उड़ानों को लेकर हाल के



सप्ताह में पूरे यूरोप में चिंता उत्पन्न कर दी है। ऐसा विशेष रूप से नाटो जेट विमानों द्वारा पोलैंड के ऊपर ड्रोन मार गिराये जाने और एस्टोनिया के यह कहने के बाद हुआ कि रूसी लड़ाकू विमानों ने उसके क्षेत्र में उड़ान भरी और 12 मिनट तक क्षेत्र में रहे। हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के आरोप रूस पर लगाये गए हैं। रूस ने इससे इनकार किया कि उसके विमानों ने एस्टोनिया के हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया और कहा कि ड्रोन ने पोलैंड को निशाना नहीं बनाया। वहीं, मास्को के सहयोगी बेलारूस ने कहा कि यूक्रेन द्वारा सिग्नल-जाम करने के कारण ड्रोन मार्ग भटक गए।

## सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौते ने 'लेन-देन' आधारित रिश्ते को 'औपचारिक' बना दिया : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि सऊदी अरब के साथ हाल ही में हस्ताक्षरित रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते ने दोनों देशों के बीच संबंधों को पहले थोड़ा लेन-देन आधारित से अब औपचारिक रूप दिया है। पाकिस्तान और सऊदी अरब ने पिछले सप्ताह रियाद में रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें यह संकल्प जताया गया कि किसी भी देश पर हमले को दोनों के विरुद्ध हमले का कृत्य माना जाएगा। इससे पहले, आसिफ ने सुझाव दिया था कि नए ढांचे के तहत पाकिस्तान की परमाणु क्षमताएं रियाद को उपलब्ध कराई जा सकती हैं। हालांकि, बाद में एक साक्षात्कार में, मंत्री ने इस बात से इनकार किया कि परमाणु हथियार समझौते का हिस्सा थे, और कहा कि वे एजेंडा में बिल्कुल नहीं थे। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, 'जेटियो' के साथ एक साक्षात्कार के दौरान पत्रकार मेहदी हसन के एक सवाल के जवाब में आसिफ ने कहा, यह कतर में जो हुआ उसकी प्रतिक्रिया नहीं है, क्योंकि इस पर काफी समय से बातचीत चल रही थी। इसलिए, यह कोई प्रतिक्रिया नहीं है; शायद इसमें थोड़ी तेजी आई होगी, लेकिन बस इतना ही। यह पहले से ही तय था।

## न्यूज इन ब्रीफ

### भारत सीमा में अनजाने में घुस आए पाकिस्तानी नागरिक को बीएसएफ ने वापस भेजा

**जम्मू :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने हाल में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पकड़े गए एक पाकिस्तानी नागरिक को वापस भेज दिया। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान निवासी मोहम्मद अकरम को 25 सितंबर को जम्मू शहर के बाहरी इलाके में आर एस पुरा सेक्टर से हिरासत में लिया गया था। अकरम अनजाने में भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गया था। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के समय घुसपैठिये के पास से कोई भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई तथा बाद में उससे पूछताछ से पुष्टि हुई कि उसने गलती से सीमा पार कर ली थी।

### असम के तीन जिलों में अफस्पा की अवधि छह महीने के लिए बढ़ाई गई

**गुवाहाटी :** असम के तीन जिलों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) की अवधि एक अक्टूबर से अगले छह महीने के लिए बढ़ा दी गई है। शनिवार को जारी एक सरकारी अधिसूचना से यह जानकारी सामने आई है। असम के राजनीतिक (ए) विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, राज्य सरकार ने केंद्र से सिफारिश की थी कि अफस्पा के तहत तिनसुकिया, चराईदेव और शिवसागर जिलों का 'अशांत क्षेत्र' का दर्जा छह महीने की अवधि के लिए बढ़ा दिया जाए। अधिसूचना में कहा गया है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने तीनों जिलों का 'अशांत क्षेत्र' का दर्जा बरकरार रखने की राज्य सरकार की सिफारिश स्वीकार कर ली और इसे छह महीने के लिए बढ़ा दिया।

### अदालत ने 2013 के मामले में दिल्ली के मंत्री सिरसा, अन्य को बरी किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ कांग्रेस कार्यालय के निकट कथित रूप से अनधिकृत विरोध प्रदर्शन आयोजित करने के वर्ष 2013 के मामले में दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा एवं नौ अन्य लोगों को बरी कर दिया। तुगलक रोड पुलिस थाने में मई 2013 में आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147 (दंगा), 149 (गैरकानूनी सभा), 188 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा) और 427 (50 रुपये या उससे अधिक की क्षति पहुंचाने वाली शरारत) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल 23 सितंबर के फैसले में कहा, अभियोजन पक्ष न तो यह साबित कर पाया है कि आरोपियों का एकत्र होना गैरकानूनी था और न ही यह तथ्य कि उन्हें अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (निषेधाज्ञा) के तहत आदेश की घोषणा के मद्देनजर तितर-बितर होने का आदेश दिया गया था। सरकारी बस की खिड़की के शीशे तोड़ने के अपराध के संबंध में अदालत ने कहा कि यह साबित हो चुका है कि यह क्षति भीड़ की वजह से हुई थी। संदेह का लाभ देते हुए अदालत ने 10 आरोपियों को बरी कर दिया।

### मुक्केबाज मैरी कॉम के दिल्ली स्थित घर में चोरी

**शिलांग :** छह बार की विश्व मुक्केबाज चैंपियन मैरी कॉम के फरीदाबाद स्थित आवास पर चोरों ने उस समय वारदात को अंजाम दिया जब वह (मैरी कॉम) मेघालय के सोहरा में मैराथन कार्यक्रम में भाग लेने गई थीं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मैरी कॉम ने मैराथन आयोजकों को बताया कि जब वह इस आयोजन के लिए पूर्वोत्तर राज्य में थीं, तब उन्हें राष्ट्रीय राजधानी स्थित अपने घर में चोरी की खबर मिली। उन्होंने सोहरा में मैराथन आयोजकों से कहा, मैं डरी हुई और चिंतित हूं, क्योंकि मुझे आज दिल्ली लौटना था। चोरी इसी सप्ताह की शुरुआत में हुई थी। उन्होंने बताया कि चोरी की गई वस्तुओं का विवरण अभी पता नहीं चल पाया है और दिल्ली वापसी पर ही इस संबंध में स्थिति स्पष्ट होगी। हालांकि उनके एक करीबी सहयोगी ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि चोर उनके घर से एक टेलीविजन सेट और अन्य सामान ले गए हैं। उसने कहा, उनके पड़ोसियों ने उन्हें (मैरी कॉम) बताया कि यह घटना इस सप्ताह की शुरुआत में हुई थी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा से 50 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया

## मोदी ने ओडिशा से बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी नेटवर्क की शुरुआत की

**झारसुगुड़ा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा से दूरसंचार, रेलवे, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास और ग्रामीण आवास क्षेत्रों में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने आठ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)- तिरुपति, पालक्काड, भिलाई, जम्मू, धारवाड़, जोधपुर, पटना और इंदौर- में 11,000 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा विस्तार परियोजनाओं की आधारशिला रखी, ताकि अगले चार वर्षों में वहां कुल 12,000 सीट



बढ़ाई जा सकें। मोदी ने संबलपुर सिटी और सरला के बीच 273 करोड़ रुपये की लागत से रेल फ्लाईओवर के निर्माण और आईआईटी-भुवनेश्वर के सहयोग से सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन एवं विनिर्माण (ईएसडीएम) पार्क की स्थापना की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने एमईआरआईटीई (तकनीकी शिक्षा में बहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान सुधार) योजना की शुरुआत की, जिसे देशभर के 275 राजकीय इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक संस्थानों में गुणवत्ता, समानता, अनुसंधान एवं नवाचार में सुधार के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने ओडिशा कौशल विकास परियोजना चरण-2 की भी शुरुआत की, जिसके तहत संबलपुर और ब्रह्मपुर में 1,979 करोड़ रुपये के निवेश से विश्व कौशल केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिसमें कृषि प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, खुदरा, समुद्री और आतिथ्य जैसे उभरते क्षेत्र शामिल होंगे। ओडिशा में पांच आईटीआई को 'उत्कर्ष आईटीआई' में तब्दील किया जाएगा, 25 आईटीआई को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जबकि एक नया परिशुद्धता इंजीनियरिंग भवन उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करेगा। राज्य में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ने 130 उच्च शिक्षा संस्थानों को 90 करोड़ रुपये की लागत से विकसित वाई-फाई सुविधाएं समर्पित कीं, जिससे ढाई लाख से अधिक छात्रों को रोजाना मुफ्त डेटा तक पहुंच मिलेगी।

## भारत दूरसंचार उपकरण बनाने वाले देशों के प्रतिष्ठित क्लब में शामिल: केंद्रीय मंत्री सिंधिया

**गुवाहाटी :** संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी स्टैक शुरू होने पर कहा कि भारत दूरसंचार उपकरण बनाने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत की छवि एक सेवा प्रदाता और उपभोक्ता राष्ट्र से बदलकर उत्पादन, नवाचार, उद्यमिता और निर्यात के केन्द्र के रूप में बदल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ओडिशा से पूरे देश में स्वदेशी 4जी स्टैक की एक साथ शुरुआत करने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में सिंधिया ने कहा, पहले भारत एक सेवा (प्रदाता) राष्ट्र था, लेकिन अब हम एक उत्पादक राष्ट्र हैं। पहले हमें एक उपभोक्ता राष्ट्र के रूप में देखा जाता था, लेकिन आज हम एक नवाचार, उद्यमिता और निर्यात केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 'भारत के लिए



नवाचार, मानवता के लिए नवाचार' के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर देश आज डेनमार्क, स्वीडन, चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की प्रतिष्ठित श्रेणी में शामिल हो गया है, जो स्वयं दूरसंचार उपकरण बनाते हैं। सिंधिया ने कहा कि इस शुरुआत से दूरदराज के गांवों, सीमावर्ती क्षेत्रों, द्वीपों, पहाड़ी इलाकों और इंटरनेट की कम पहुंच वाले स्थानों तक 4जी नेटवर्क की उपलब्धता हो सकेगी।

## दो महीने में डिजिटल हो जाएंगी 90 प्रतिशत सरकारी सेवाएं: फडणवीस

**पुणे :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि नागरिकों के लिए 90 प्रतिशत सरकारी सेवाएं अगले दो महीने में डिजिटल हो जाएंगी और जल्द ही ये व्हाट्सऐप पर उपलब्ध होंगी। फडणवीस ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के स्वदेशी 4जी नेटवर्क के उद्घाटन में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ डिजिटल माध्यम से भाग लिया। दूरसंचार अवसंरचना को मजबूती देते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के स्वदेशी 4जी नेटवर्क का उद्घाटन किया, जिससे भारत दूरसंचार उपकरण



बनाने वाले प्रतिष्ठित देशों की सूची में शामिल हो गया। बीएसएनएल की रजत जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ने 97,500 से अधिक 4जी मोबाइल टावरों का उद्घाटन भी किया, जिनमें से 92,600 टावर इसी टेलीकॉम सेवा प्रदाता की 4जी तकनीक से लैस हैं।

## सीआईएसएफ सभी कर्मचारियों को प्रथम प्रतिक्रिया जीवन रक्षक कौशल का प्रशिक्षण देगा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के सभीकर्मियों को आग, प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं और चिकित्सा आपात स्थितियों के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले प्रथम-प्रतिक्रिया जीवन रक्षक कौशल में प्रशिक्षित करने के लिए एक नीतिगत निर्णय लिया गया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अर्धसैनिक बल में भर्ती होने वाले सभी कर्मियों को हवाई अड्डा जांच प्रशिक्षण भी उत्तीर्ण करना होगा ताकि उन्हें विमानन सुरक्षा के लिए तैनात किया जा सके। अधिकारी ने बताया, सीआईएसएफ जांच, निगरानी और पता लगाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 20 अत्याधुनिक तकनीकों को एकीकृत करने के लिए एकीकृत प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित कर रहा है। हाल ही में हैदराबाद में सुरक्षा बल के वार्षिक प्रशिक्षण सम्मेलन के दौरान इन उपायों को अंतिम रूप दिया गया। अधिकारी ने बताया, सीआईएसएफ के सभी कर्मियों को आग, आपदा और चिकित्सा संबंधी आपात स्थितियों में प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। वे प्रतिष्ठित संस्थानों से इन विषयों पर प्रमाणन पाठ्यक्रम भी प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी योग्य भर्ती कर्मी अपने बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान ही हवाईअड्डे पर जांच ड्यूटी के लिए भी अर्हता प्राप्त करेंगे, जिससे उन्हें हवाईअड्डों पर तुरंत तैनाती मिल सकेगी। लगभग 1.70 लाख कर्मियों वाली सीआईएसएफ को मुख्य रूप से 70 नागरिक हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो और सरकारी तथा निजी क्षेत्र के कई अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का काम सौंपा गया है।

## ताजमहल 2024-25 में देशी, विदेशी पर्यटकों के बीच रहा सबसे लोकप्रिय स्मारक

**नयी दिल्ली :** आगरा का ताजमहल वित्तीय वर्ष 2024-25 में घरेलू और विदेशी पर्यटकों के बीच, केंद्र द्वारा संरक्षित एवं प्रवेश शुल्क वाला सबसे लोकप्रिय स्मारक रहा। पर्यटन मंत्रालय की ओर से 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर जारी रिपोर्ट से यह जानकारी मिली। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में विदेशी पर्यटकों के आगमन (एफटीए) का आंकड़ा 2024 में 99.5 लाख तक पहुंच गया, जो 2023 से 4.52 फीसदी अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित एवं प्रवेश शुल्क वाले स्मारकों में ताजमहल घरेलू (62.6 लाख) और विदेशी (6.45 लाख) पर्यटकों, दोनों के आगमन के लिहाज से शीर्ष पर रहा। मुगल बादशाह शाहजहां ने अपनी बेगम मुमताज महल की याद में ताजमहल बनवाया था। इस भव्य स्मारक का निर्माण 1631 से 1648 के बीच हुआ था और यह यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू पर्यटकों के बीच लोकप्रिय, अन्य प्रवेश शुल्क वाले स्मारकों में ओडिशा का कोणार्क स्थित सूर्य मंदिर (35.7 लाख) और दिल्ली स्थित कुतुब मीनार (32 लाख) शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि विदेशी पर्यटकों के बीच ताजमहल के बाद आगरा किला (2.2 लाख पर्यटक) और कुतुब मीनार (2.2 लाख पर्यटक) का स्थान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत की यात्रा करने वाले प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) की संख्या 1.062 करोड़ तक पहुंच गई, जो 2023 के मुकाबले 13.22 फीसदी और 2019 के महामारी-पूर्व स्तर की तुलना में 52.15 प्रतिशत अधिक है।

## आरएसएस की प्रार्थना मातृभूमि के प्रति समर्पण का सामूहिक संकल्प है: भागवत

**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि संगठन की 'प्रार्थना' भारत माता की प्रार्थना और देश एवं ईश्वर के प्रति संघ के स्वयंसेवकों का सामूहिक संकल्प है। उन्होंने कहा कि जहां व्यक्तिगत संकल्प प्रत्येक स्वयंसेवक के दृष्टिकोण तक सीमित रहते हैं, वहीं साझा मिशन और मूल्य संघ की प्रार्थना से उत्पन्न होते हैं, जिसका प्रतिदिन पाठ किया जाता है। भागवत ने नागपुर के रेशमबाग महर्षि व्यास सभागार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान संघ की प्रार्थना का ऑडियो जारी किया, जिसे गायक शंकर महादेवन ने आवाज दी है। कार्यक्रम में अभिनेता सचिन



खेडेकर, वरिष्ठ प्रस्तोता हरीश भिमानी और संगीतकार राहुल रानाडे भी उप-स्थित थे। नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में भागवत ने कहा, यह भारत माता के प्रति भक्ति, प्रेम और समर्पण को अभिव्यक्ति है। यह प्रार्थना है कि हम देश को क्या देश सकते हैं और फिर ईश्वर से प्रार्थना है कि देश सेवा में हमारी सहायता करे। उन्होंने कहा कि ऑडियो जारी होने के साथ ही यह प्रार्थना ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगी।

## मुंबई हवाई अड्डे पर 21.8 करोड़ रुपये मूल्य का 'हाइड्रोपोनिक' गांजा, सोना और विदेशी मुद्रा जब्त

**मुंबई :** मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चार दिनों में 21.8 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का 'हाइड्रोपोनिक' गांजा, विदेशी मुद्रा और सोना जब्त किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सीमा शुल्क विभाग ने 21 से 24 सितंबर के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर यह जब्ती की। एक अधिकारी ने बताया कि कोलंबो (श्रीलंका) से आए एक यात्री को एक ट्रॉली बैग में छिपाए गए 2.624 किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक' गांजे के साथ पकड़ा गया जिसकी कीमत लगभग 2.62 करोड़ रुपये है। वहीं, बैंकॉक (थाईलैंड) से आए एक यात्री को 18.40 करोड़ रुपये मूल्य के 18.4 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। हाइड्रोपोनिक गांजा उस गांजे को कहते हैं जिसे मिट्टी की बजाय पोषक घोल वाले जल में, हाइड्रोपोनिक तकनीक से उगाया गया हो। सीमा शुल्क अधिकारियों ने बिना जानकारी के ले जाई जा रही विदेशी मुद्रा के साथ तीन यात्रियों को भी पकड़ा। अधिकारी ने बताया कि दुबई जा रहे एक यात्री के पास 7.11 लाख रुपये की अघोषित विदेशी मुद्रा पकड़ी गई, जबकि उसी विमान में सवार एक अन्य यात्री के पास 49.38 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा पकड़ी गई। उन्होंने बताया कि इसी तरह जकार्ता (इंडोनेशिया) जा रहे एक यात्री को 19.17 लाख रुपये के समतुल्य विदेशी मुद्रा के साथ पकड़ा गया।

## संसदीय समितियों का कार्यकाल दो साल करने पर विचार कर रही है सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार संसद की स्थायी समितियों का कार्यकाल बढ़ाकर दो साल करने पर विचार कर रही है, क्योंकि कुछ सांसदों ने शिकायत की है कि मौजूदा एक साल का कार्यकाल कोई सार्थक योगदान देने के लिए बहुत कम है। सरकार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन के साथ विचार-विमर्श के बाद इस संबंध में कोई निर्णय ले सकती है। संसदीय समितियों का नया कार्यकाल आमतौर पर सितंबर के अंत या अक्टूबर की शुरुआत में प्रारंभ होता है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि समितियां किस तारीख को गठित की गई हैं। संसद से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कुछ सदस्यों ने सरकार से समितियों का कार्यकाल वर्तमान एक साल से बढ़ाकर कम से कम दो साल करने का अनुरोध किया था ताकि समितियां विचार-विमर्श के लिए चुने गए विषयों पर प्रभावी ढंग से विचार कर सकें। नई लोकसभा के गठन के तुरंत बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के परामर्श से समितियों का गठन किया जाता है, जिन्हें सदन में उनकी संख्या के अनुपात में इन समितियों की अध्यक्षता का दायित्व सौंपा जाता है। आमतौर पर नई लोकसभा के कार्यकाल की शुरुआत में नामित अध्यक्ष, हर साल समितियों के गठन के दौरान अपने पद पर बने रहते हैं, जब तक कि किसी राजनीतिक दल द्वारा बदलाव का अनुरोध न किया जाए। कई बार सदस्य किसी अन्य समिति का हिस्सा बनना चाहते हैं और ऐसे अनुरोधों पर संबंधित सदनों के पीठासीन अधिकारियों द्वारा भी सकारात्मक रूप से विचार किया जाता है। संसद की 24 विभाग-संबंधित स्थायी समितियां हैं। इनमें आठ की अध्यक्षता राज्यसभा के सदस्य करते हैं, जबकि 16 का नेतृत्व लोकसभा के सदस्य करते हैं।

## एनआईए ने झारखंड में सुरक्षा बलों पर नक्सली हमले के मुख्य आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड में सुरक्षा बलों पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) कार्यकर्ताओं के हमले से संबंधित 2024 के मामले में एक मुख्य आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिहार के जमुई जिले के अभिजीत कोड़ा उर्फ सुनील कोड़ा उर्फ मतला कोड़ा उर्फ मतलू का नाम शुक्रवार को झारखंड के रांची में स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दायर आरोप पत्र में शामिल है। एनआईए ने एक बयान में कहा कि भाकपा (माओवादी) का एक सशस्त्र कार्यकर्ता कोड़ा प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन की उग्रवादी गतिविधियों को अंजाम देने और अन्य सदस्यों के साथ मिलकर संगठन को बढ़ावा देने/मजबूत बनाने के आपराधिक षड़यंत्र में शामिल था। एनआईए ने कहा कि जांच में पता चला है कि वह वरिष्ठ माओवादी नेताओं के लिए 'कूरियर' और संदेशवाहक के रूप में काम कर रहा था, और संगठन का विस्तार करने तथा गैरकानूनी/आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के उनके प्रयासों का भी समर्थन करता था।

## दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार थार के डिवाइडर से टकराने के कारण पांच लोगों की मौत

**गुरुग्राम :** दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर शनिवार तड़के एक थार कार के डिवाइडर से टकरा जाने के कारण पांच व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, प्रतिष्ठा (25), लावन्या (26), आदित्य (30), गौतम (31) और एक अन्य महिला सोनी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि कपिल शर्मा (27) गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार हादसा दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे निकास संख्या नौ पर हुआ जब तेज रफ्तार थार में सवार चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे डिवाइडर से टकरा गया। सूचना मिलने पर सेक्टर



40 से पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और सभी छह लोगों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने पांच को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मृतक महिलाएं, प्रतिष्ठा और लावन्या कानून पाठ्यक्रम की छात्रा थीं, जबकि आदित्य, गौतम और कपिल विज्ञापन व्यवसाय से जुड़े थे। सभी छह यात्री उत्तर प्रदेश से गुरुग्राम किसी काम से आए थे। उन्होंने बताया कि थार अलीगढ़ प्राधिकरण में पंजीकृत है।

## निर्वाचन आयोग चार और पांच अक्टूबर को बिहार चुनाव तैयारियों की समीक्षा करेगा

**नयी दिल्ली :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग बिहार में चुनाव तैयारियों का जायजा लेने के लिए चार और पांच अक्टूबर को पटना का दौरा करेगा। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है और इस राज्य में विधानसभा चुनाव नवंबर में होने की संभावना है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने से पहले निर्वाचन अधिकारियों द्वारा राज्यों का दौरा करना आम बात है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त के नेतृत्व वाली टीम चार और पांच अक्टूबर को राज्य का दौरा करेगी। बिहार चुनाव के लिए आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों की एक ब्रीफिंग भी तीन अक्टूबर को यहां होने की उम्मीद है। बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अंतिम चरण में है और अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आयोग राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, शीर्ष पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों तथा राज्य के चुनाव अधिकारियों से मुलाकात करता है।

## भारत जीवनशैली से उपजी हृदय संबंधी समस्याओं के 'टाइम बम' का सामना कर रहा

**नयी दिल्ली :** स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि भारत जीवनशैली से उपजी हृदय संबंधी समस्याओं के 'टाइम बम' का सामना कर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश में दिल की बीमारियों से होने वाली अधिकांश असामयिक मौतों को समय पर जांच, शीघ्र इलाज और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर टाला जा सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि मानव हृदय आकार में मुट्ठी से बड़ा नहीं होता और 70 साल की उम्र तक 2.5 अरब से अधिक बार धड़कता है। उन्होंने कहा कि मानव हृदय बीमारियों का मुकाबला करने में सक्षम होता है, लेकिन यह



अनुपचारित जोखिम कारकों से पहुंचने वाले नुकसान को नहीं टाल सकता है। हृदय रोग विशेषज्ञों ने 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस से पहले भारत में हृदय रोग (सीवीडी) के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जताई। हृदय रोग वैश्विक स्तर पर हर साल 2.05 करोड़ से ज्यादा लोगों की जान लेते हैं, जिनमें से 85 फीसदी मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण होती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, हैरत की बात यह है कि समय पर जांच, शीघ्र उपचार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर लगभग 80 फीसदी असामयिक मौतों को टाला जा सकता है। 'फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट' के हृदय विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अशोक सेठ ने कहा कि मोटापे, मधुमेह और उच्च रक्तचाप की बढ़ती समस्या तथा धूम्रपान, अस्वस्थ खानपान एवं शारीरिक असक्रियता के कारण युवाओं के हृदय रोगों का शिकार होने की आशंका बढ़ रही है। उन्होंने कहा, चार दशक तक मरीजों का इलाज करने के बाद मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि धमनियों में रक्त के प्रवाह को बाधित करने वाला महज एक 'ब्लॉकेज' मिनटों में जीवन छीन सकता है।

## लेह में हिंसा भड़कने से रोकने और आत्मरक्षा में गोलीबारी की गई : लद्दाख पुलिस प्रमुख

**लेह :** लद्दाख के पुलिस महानिदेशक एस डी सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि सुरक्षा बलों को प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाने के लिए मजबूर होना पड़ा, नहीं तो पूरा लेह जलकर राख हो जाता। उन्होंने कहा कि बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश की राजधानी में हुई हिंसा जबरदस्त थी और इसके लिए उन्होंने ''निहित स्वार्थों'' और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया। बुधवार को लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हो रहे प्रदर्शन के हिंसक हो जाने पर पुलिस की गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गये थे। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में आग लगा दी थी और पुलिस तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल



(सीआरपीएफ) पर कथित तौर पर पथराव किया था। जामवाल ने आंदोलन का नेतृत्व कर रहे 'लेह एपेक्स बॉडी' और 'कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस' के इस आरोप को खारिज कर दिया कि सुरक्षा बलों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि ऐसा केवल आत्मरक्षा में और बड़े पैमाने पर हिंसा भड़कने से रोकने के लिए किया गया था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने कहा, ''यदि आप फुटेज और उन परिस्थितियों को देखें, जिनमें हमारे सुरक्षा बलों ने काम किया, तो उन्होंने बेहद सराहनीय काम किया। दोपहर में हिंसा शुरू होने के बाद शाम चार बजे तक स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए मैं उन्हें सलाम करता हूं।'' उन्होंने बताया कि झड़प में लगभग 70 से 80 पुलिस और सीआरपीएफ कर्मी भी घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, ''क्या आप चाहते हैं कि पुलिस बल के जवान मारे जाएं? यह संभव नहीं है। हर किसी की एक जिंदगी होती है। जब उन्होंने एक राजनीतिक दल के कार्यालय पर हमला किया और उसे आग लगा दी, तो लद्दाख पुलिस की चार महिला कांस्टेबल अंदर थीं। हमने बड़ी मुश्किल से उन्हें बचाया।

JAI MAA AMBE

GENERALI Central
LIFE INSURANCE

PRESENTS

UNITED V

RAAS SANGAATH
SEASON 4

EAST INDIA'S BIGGEST & MOST AUTHENTIC NAVARATRI

SPONSORED BY
CHANDRAVADAN DESAI FOUNDATION

AT JW MARRIOTT

29TH, 30TH SEPT & 1ST OCT 2025 | 7 PM ONWARDS

DIL SE RAAS, MANN THI SANGAATH

IN ASSOCIATION WITH
SUN GROUP

POWERED BY
ATHAGROUP NARBHERAM POWER AND STEEL PRIVATE LIMITED
BENGAL ENERGY
DECO DREAMS A 360° COMPLETE FURNISHING SOLUTION
BHOGILAL MEHTA FOUNDATION

CO-POWERED BY
CENTURYPLY
Merlin
PRITAM SWITCH ON THE GOOD TIMES
MUMUSO Global Lifestyle Brand

PLATINUM PARTNERS
CORUM SECURITIES PVT. LTD.
R&D Infotech Pvt Ltd. DAKSHA MEHTA
Rasiklal The Powerhouse of GEMS
SHRI PRAVIN PARKERIA SHRI MILAN PARKERIA
RaProcure

EVENT PARTNER
BOSS EVENTS

HYDRATION PARTNER
Coconut वाला

FOOD PARTNER
1000BC Once upon a plate

SUPPORTED BY
HARESH ALUMINIUM
M. Walters & Co. Jewellers
Manafuli Group
MADANJI MEGHRAJ
UltraMax 550D TMT BAR
MEGHDOOT JEWELLERS
RITMAN
ANEKANT
MARU
CHHAYABEN JAYESHBHAI BAVISHI PARIVAAR
CHANDRIKA BEN HARSHAD BHAI SHAH PARIVAAR
SAVITABEN JAGJIVANBHAI MALANI PARIVAAR

PHILANTHROPIC PARTNER
SHRI UTSAV PAREKH PARIVAAR
CHANDRAMONI & NAVALCHAND KHARA FOUNDATION
SHRI CHANDRAVADAN RATILAL GANDHI PARIVAAR
RUPA
RCP RAMESH CHANDRA PAREKH
Thacker Dairy Trust through Purity

AARATI LABHARATHI
SHRI MANISH & SHRI MIHIR AJMERA
SHRI KUNAL VORA & SMT SNEHA VORA GANDHI
SHRI JIGAR RAMESHCHANDRA DOSHI
DAKSHA MEHTA R & D INFOTECH
SHRI PRAVIN PARKERIA
RIDDHIBEN DIPAKBHAI BADIYANI

ITALIAN FURNISHING: PROGETTO PASSIONE HOME DECOR
TROPHY PARTNER: CHANDRAVADAN DESAI FOUNDATION
RADIO PARTNER: 91.9 friends fm
EYEWEAR PARTNER: SUPREME OPTIQUE
HEALTH PARTNER: Apollo Clinic SARAT BOSE ROAD
FITNESS PARTNER: BODY LINE Inspiring Fitness
HAMPER PARTNER: THE MEWA SHOPPE
BOOKING PARTNER: TRP STAY HUB

GIFT PARTNER: NIRUBEN RAMESHBHAI BUWARIA & PARAGBHAI BUWARIA; KHAKHKHAR FAMILY; ROSADA; EXPRESSION NOVELTIES PVT. LTD.
GUJARATI MEDIA: હલચલ
OUTDOOR PARTNER: JK ADVERTISING; Roshan PUBLICITY
GUJARATI NEWS: ન્યૂઝ ગુર્જરી
SECURITY PARTNER: SUN

ENTRY BY INVITATION ONLY | RSVP ON CALL : 8335054565 | RSVP ON WHATSAPP : 9073 888444

SCAN TO BOOK YOUR TICKETS
UNITEDV22 FOR UPDATES

वर्ष 10, पूर्णांक 3371 अंक 181, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in